# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-07-2022

# हिस्ट्रीशीटर ने किया राड से हमला किशोरी समेत पांच घायल

हरपुरबुदहट (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के कसिहरा गांव में शुक्रवार की सुवह गांव के एक हिस्ट्रीशीटर ने राड से हमला कर एक ही परिवार की एक किशोरी समेत पांच को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर श्याम सुंदर निवासी कसिहरा के विरूद्ध केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया।

मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कसिहरा निवासी रामसिंह (70) वर्ष पुत्र झूरई सिंह का गांव के सिवान में मकान है। जहां ट्रैक्टर रखते है। कुछ दिन पूर्व ट्रैक्टर की वैट्री चोरी हो गयी थी। शुक्रवार सुवह 6 वजे के करीव गांव का ही रहने वाला थाने का हिस्ट्रीशीटर श्याम सुंदर ट्रैक्टर के पास पहुंचकर इधर उधर ताकझाक कर रहा था। जिसे देखकर राम सिंह ने विरोध किया। इसके वाद हिस्ट्रीशीटर आग ववूला हो गया और पास रखे लोहे के राड से हमला कर दिया। जिसमें रामसिंह (70) वर्ष, अशोक सिंह (40) वर्ष, विशाल सिंह (22) वर्ष, सुनील सिंह (25) वर्ष, पूजा सिंह (13) वर्ष घायल हो गये।

पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सहजनवा भेजा। अशोक सिंह, विशाल सिंह की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने सुनील सिंह की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर श्याम सुंदर निवासी कसिहरा के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस वावत थानायक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल थानाक्षेत्र के एक गांव में विवाहिता से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 30 अप्रैल को चिलुआताल पुलिस ने धारा 376, 328 और 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया था। एसआई घनश्याम उपाध्याय, आरक्षी आनन्द कुमार प्रधान व घनश्याम यादव के साथ शुक्रवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। सिहोरवा चौराहा पहुंचने पर सूचना मिली कि रेप का फरार आरोपी बरगदवा चौराहे पर खड़ा है। पुलिस टीम ने घेराबन्दी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान अजय कुमार यादव (28) निवासी सेमरडाड़ी थाना सहजनवा के रूप में हुई।

# गोरखा रेजिमेंट के सैनिकों ने पुलिसवालों को दी विशेष ट्रेनिंग

गोरखपुर (एसएनबी)। सीएम सिटी की सुरक्षा व्यवस्था को और वेहतर करने के लिए विशेष सुरक्षा को देखते हुए पांच उपनिरीक्षक व बीस पुलिसवालों को गोरखना रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा ट्रेनिंग दिलायी गयी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार ने बताया कि एसएसपी के निर्देशन में पुलिस की पांच टीमे, जिसमें 5 उपनिरीक्षक व 20 सिपाहियों को सम्मिलित किया गया है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण गोरखा रेजिमेन्ट, कुडाघाट के वेस सेन्टर पर गोरखा रेजिमेन्ट के सैनिको द्वारा सुरक्षा के दिष्टगत विशेष प्रकार की ट्रेनिंग दी गई । इस प्रशिक्षण में गोरखपुर की 5 टीमो को चाकू से प्रहार, निहत्थे मुकावला ,हथियार संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए टैक्टिकल मूवमेन्ट का 3 दिवस का स्पेशलाइज्ड कैप्सूल (विशेष प्रशिक्षण) प्रदान किया गया ।पुलिस विभाग के जानकारों का कहना है कि गोरखना रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा प्रशिक्षण कराने के पीछे कई वजह माना जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा दी गयी ट्रेनिंग के साथ ही गोरखना रेजिमेंट का ट्रेनिंग कुछ अलग है।

# नेपाल से मुम्बई जाने के लिए निकली युवती गोरखपुर पहुंची

नंदानगर (एसएनबी)। नेपाल की रहने वाली 30 वर्षीय एक अविवाहित युवती मुंवई जाने के लिए गुरुवार की रात कूड़ाघाट पहुंच गयी। उसे मुंबई तक जाने का पता किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया था। इसके पहले कि युवती किसी गलत हाथों में पड़ जाती। भारतीय गोरखा परिसंघ के लोगों को इसकी भनक लग गयी और उन्होंने कूड़ाघाट पहुंच कर युवती को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। युवती दिव्यांग (गूंगी) बताई गई है जो केवल लिखकर अपने बारे में जानकारी दे पा रही है। नेपाल देश के ककड़भित्ता के इलाम की रहने वाली एक युवती मुम्वई जाने के पते पर गुरूवार रात को कूड़ाघाट पहुंच गई। उसे भटकता देख कुछ लोगों ने इसकी सूचना नंदानगर दरगहिया जीतपुर स्थित भारतीय गोरखा परिसंघ के लोगों को दी। सूचना पर परिसंघ के लोग कूड़ाघाट पहुंच गए तथा युवती को बरामद कर लिया। घटना की सूचना भारत नेपाल मैत्री समाज के अध्यक्ष अनिल गुप्ता को भी दी गई। सूचना पर अनिल गुप्ता कूड़ाघाट पहुंच गए तथा इसकी जानकारी 112 नंबर पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पीआरवी टीम युवती को लेकर एयरफोर्स पुलिस चौकी पहुंची।

# झंगहा इलाके में तीन लाख नगदी और 10 लाख के गहने चोरी

झंगहा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के राजधानी गांव के मंगलपुर टोले में गुरुवार की रात एक घर का ताला तोड़कर तीन लाख रुपये नकद और करीब 10 लाख रुपये के कीमती सोने और चांदी के गहने चोर उठा ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मंगलपुर टोला निवासी सुभाष चंद जायसवाल के मकान में पीछे से घुसे चोर पांच बाक्स उठा ले गए। शुक्रवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर स्थित बागीचे में सभी बक्से टूटे हुए मिले। बक्सों में रखे सोने और चांदी के जेवरात तथा तीन लाख रुपये नकद गायब थे। बक्सों के पास कपड़े बिखरे हुए थे। सुभाष के बेटे विजय जायसवाल ने पुलिस को बताया कि चोरी हुए गहनों में उसकी दो विवाहिता बहनों सोनी और रिंकू के जेवरात भी रखे थे। घर के पीछे लाठी डंडे मिले हैं। विजय की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।



गुरुवार की रात में ही झंगहा थानाक्षेत्र के बड़ी राजी निवासी राहुल पासवान के घर के पीछे दीवार में चोरों ने नकब लगाने का प्रयास किया पर राहुल के परिजनों की नींद खुल जाने के कारण फरार हो गए। राहुल ने बताया कि चोर लाठी, डंडे और सब्बल लिए हुए थे। घटना रात करीब बारह बजे की है। पिछले कई महीने से झंगहा क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रहीं हैं। पुलिस एक भी घटना का राजफाश नहीं कर पा रही है। इससे स्थानीय लोगो में आक्रोश है।

# हत्यारोपित को उम्र कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल सखनी टोला मख्खनपुर निवासी अभियुक्त सुधीर चौहान को आजीवन कारावास एवं 52 हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को आठ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि वादी विजय मल चौहान कुशीनगर जिले के हाटा थाना क्षेत्र के पगरा का निवासी है। उसकी लड़की सुनीता चौहान छात्रसंघ चौराहे पर किराए का मकान लेकर रहती थी।

दो फरवरी 2018 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने वादी की लड़की को जान से मारने की नियत से चाकू से उसके गले पर वार कर दिया। इलाज के दौरान वादी की लड़की की मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई। दौरान विवेचना अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया।

# आग लगने पर समय से पहुंचेगा फायर ब्रिगेड

गोरखपुर (एसएनबी)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की शाम को लखनउ से वर्चुअली गोरखपुर जिले के बांसगांव फायर स्टेशन का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के अन्य 24 फायर स्टेशनों का भी शुभारंभ किया। बांसगांव

**लखनऊ से वर्चुअली सीएम ने बासगांव फायर स्टेशन का किया शुभारंभ**

फायर स्टेशन के शुभारंभ के दौरान डीएम कृष्णा करूणेश, एसएसपी डा. विपिन ताडा, एसपी साउथ अरूण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

अधिकारियों के अनुसार बांसगांव फायर स्टेशन में प्रशासनिक भवन, कंट्रोल रूम, स्टोर रूम, परिवहन स्टोर, कार्यालय अगिशमन द्वितीय अधिकारी, विजिटर रूम,




मीटिंग हाल, बैरक, भोजनालय, नागर, शौचालय मौजूद है। बांसगांव फायर स्टेशन में 2 लीडिंग फायर मैन, 2 फायर सर्विस चालक, 8 फायर मैन हैं। वहीं 5000 लीटर का 1 फायर टेंडर, 2500 लीटर का 1 फायर टेंडर, 1 बोलेरो कैंपर, प्राथमिक अगिशमन उपकरण, जीवनरक्षा कार्य हेतु उपकरण की व्यवस्था की गयी है।

**अग्निशमन केन्द्र के निर्माण से लाभ :** बांसगांव क्षेत्र जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर है। ऐसे में किसी अग्निकाण्ड की सूचना पर जनपद मुख्यालय से मौके पर पहुंचने में विलंब होता था। जिससे राहत व बचाव कार्य में दिक्कत आती थी। अब बांसगांव में फायर स्टेशन बनने से अग्निकाण्ड की सूचना मिलते ही अब मात्र कुछ समय में ही अगिशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंच जाएगें। जिससे अग्निकाण्डों में होने वाली क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। वहीं बांसगांव क्षेत्र अगिशमन केंद्र चारों तरफ से 15 किलोमीटर तक घिरा हुआ है।

**आजतक अस्थायी रूप से खड़े किए जाते थे फायर टेंडर**

दरअसल अभी तक जिला मुख्यालय से फायर टेंडर को तहसील मुख्यालयों और देहात के चौराहों पर खड़ा किया जाता था। जहां से आग की सूचना पर गाड़ियां जाती थीं।

# इलाज के लिए आड़े नहीं आएगी पैसे की कमी : सीएम

गोरखपुर (एसएनबी)। दो दिन के टूर के दरम्यान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम जनता दर्शन के तहत लोगों की समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री योगी ने करीब 400 लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें कार्रवाई और मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। एक वृद्ध फरियादी ने कहा कि महाराज आप ही मेरे सबकुछ हैं, मेरी मदद करें। जनता दर्शन में एक बार फिर अधिकतर मामले पुलिस और जमीनी विवाद से जुड़े रहे, जबकि कुछ लोगों ने इलाज के लिए सरकारी मदद की भी गुहार लगाई। सीएम ने कहा कि रुपयों की कमी से किसी का भी इलाज नहीं रुकेगा।

**भाजपा के पूर्व विधायक के भाई ने कब्जा कर लिया मकान**

मुख्यमंत्री के सामने संतकबीरनगर के मेंहदावल सीट से भाजपा के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल के भाई के खिलाफ भी शिकायत लेकर एक बुजुर्ग पहुंचे। गोरखनाथ इलाके के हड़हवा फाटक के रहने वाले विजय सेठु गुप्ता का कहना था कि पूर्व विधायक के भाई अजय सिंह को उन्होंने स्टार एकेडमी स्कूल खोलने के लिए गुलरिहा इलाके के महादेवझारखंडी बुढ़िया में स्थित अपना मकान किराए पर दिया था। एग्रीमेंट 29 फरवरी 2012 को ही खत्म हो गया, लेकिन अजय सिंह ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए नया एग्रीमेंट तैयार करा लिया और तभी से मकान पर कब्जा कर रखा है। न ही किराया देते और न ही मकान खाली करने को तैयार हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। मुख्यमंत्री ने तत्काल वहां मौजूद अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**जनता दर्शन**

सीएम ने सुनी 4 सौ फरियादियों की समस्या, अधिकारियों को कार्रवाई का दिया निर्देश

सीएम से वृद्ध ने लगाई गुहार, महाराज मेरी मदद करें

उन्होंने कहा कि कोई भी हो, अगर मामला सही है तो उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**दो मंजिला मकान वालों को मिल गया आवास और गरीब भटक रहे:** धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद राजू सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की मुख्यमंत्री से शिकायत की। उनका कहना था कि गोरखपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर जमकर खेल चल रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत से दो मंजिला मकान वालों को भी आवास के लिए भुगतान कर दिया। करीब 62 लोगों की लिस्ट भी उन्होंने सीएम को सौंपी। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद डीएम को तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान एक व्यक्ति को देख मुख्यमंत्री योगी ने उस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तुम तो ब्लैकमेलर हो, लोगों को ब्लैकमेल करते हो। इसके बाद वह व्यक्ति वहां से चला गया। करीब 45 मिनट चले जनता दर्शन के दौरान डीआईजी जे रविन्द्र गौड़, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. विपिन ताडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई मौजूद रहे।

**लाल कक्ष में भी लोगों से मिले सीएम :** जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी ने लाल कक्ष में भी करीब पचास लोगों से मुलाकात की। इनमें कार्यकर्ता भी शामिल रहे, जबकि कुछ लोगों ने उनसे अपनी समस्या भी बताई।

**गुरु गोरखनाथ का पूजन कर योगी ने की गो सेवा :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की सुबह गुरु गोरखनाथ का दर्शन व पूजन किया। साथ ही अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे, जहां तकरीबन 30 मिनट तक गो सेवा की। गोसेवकों से संवाद कर गौशालों में गायों की देखभाल की जानकारी ली। सीएम पहली में अपने श्वान कालू और गुल्लू से मिलकर उन्हें भी दुलार किया।



गोरखनाथ मंदिर के जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी।

# गैंगरेप आरोपितों के मोबाइल का होगा फॉरेंसिक टेस्ट

## पुलिस चौकी के लिए चिन्हित हुई जमीन, जंगल के आसपास बढ़ाई गई गश्त

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (1July): गैंगरेप के आरोपितों के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच होगी. आरोप है कि उन्होंने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो भी बनाया है, लेकिन पुलिस की जांच में कुछ मिला नहीं. गुरुवार की रात में पकड़े गए चौथे आरोपित वकील पासवान को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया. पांचवें आरोपित की तलाश में खोराबार थाना पुलिस छापेमारी कर रही है.

सहपाठी के साथ घूमने गई छात्रा को कुसम्ही जंगल में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपितों के मोबाइल फोन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है. फरार चल रहे जंगल सिकरी के रहने वाले लवकुश की तलाश में दो दिन से छापेमारी चल रही है. पूछताछ के लिए करीबियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. चर्चा थी कि आरोपितों ने घटना का वीडियो बनाया है. भोलू यादव उर्फ विशाल ने छात्रा को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा था कि बातचीत करते रहना, नहीं तो वीडियो वायरल कर दूंगा. खोराबार थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम इसी मोबाइल नंबर के जरिए आरोपितों तक पहुंची थी. कुसम्ही जंगल में हुई सनसनीखेज वारदात के बाद अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है. एसपी सिटी एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पांचवें आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. कुसम्ही जंगल और आसपास के क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है. चौकी खोलने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है.

# एक्स एमएलए के भाई ने कब्जाया घर फिर सामने आई पुलिस की लापरवाही

## जनता दर्शन में सीएम से मिले फरियादी, बताईं समस्याएं

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (1July): सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन के तहत लोगों की समस्याओं को सुना. सीएम योगी ने करीब 400 लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें कार्रवाई और मदद का भरोसा दिलाया. साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए. इनमें अधिकांश पुलिस और जमीनी विवाद से जुड़े मामले एक बार फिर सीएम के सामने पहुंचे. जबकि कुछ लोगों ने इलाज के लिए सरकारी मदद की भी गुहार लगाई. .

### किराये पर दिया था मकान

सीएम के सामने संतकरीबनगर के मेहदावल सीट से भाजपा के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल के भाई के खिलाफ भी शिकायत लेकर एक बुजुर्ग पहुंचे. गोरखनाथ इलाके के हड़हवा फाटक के रहने वाले विश्व बंधु गुप्ता ने बताया, पूर्व विधायक के भाई अजय सिंह को उन्होंने स्टॉर एकेडमी स्कूल खोलने के लिए गुलरिहा इलाके के फर्टिलाइजर झुंगियां में अपना मकान किराये पर दिया था, जिसका एग्रमीमेंट 29 फरवरी 2012 को ही खत्म हो गया.



जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनी फरियाद.

### मकान वालों को मिला आवास, गरीब भटक रहें

धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद राजू सिंह ने पीएम आवास घोटाले की सीएम से शिकायत की. उन्होंने बताया, गोरखपुर में पीएम आवास के नाम पर जमकर खेल चल रहा है. अधिकारियों की मिलीभगत से दो मंजिला मकान वालों को भी आवास के लिए भुगतान कर दिया. करीब 62 लोगों की लिस्ट भी उन्होंने सीएम को सौंपी. सीएम ने वहां मौजूद डीएम को तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देश दिया. जनता दर्शन के दौरान एक व्यक्ति को देख सीएम योगी ने उस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तुम तो ब्लैकमेलर हो, लोगों को ब्लैकमेल करते हो. इसके बाद वह व्यक्ति वहां से चला गया.

### न किराया देते और न मकान खाली कर रहे

अजय सिंह ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए नया एग्रीमेंट तैयार करा लिया और तभी से मकान पर कब्जा कर रखा है. न ही किराया देते और न ही मकान खाली करने को तैयार है. तमाम शिकायतों के बाद भी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया. सीएम ने तत्काल वहां मौजूद अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

### लाल कक्ष में भी लोगों से मिले सीएम

जनता दर्शन के बाद सीएम योगी ने लाल कक्ष में भी क़रीब 50 लोगों से मुलाक़ात की. इनमे कार्यकर्ता भी शामिल रहे. जबकि कुछ लोगों ने उनसे अपनी समस्या बताई.

### काम न करें एसओ तो हटाइए ही नहीं, सस्पेंड भी करिए: योगी

अगर कोई एसओ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नही कर पा रहा और काम में हीलाहवाली कर रहा तो उसे हटा देना ही कोई कार्रवाई नही है. ऐसे एसओ को तत्काल सस्पेंड करिए. सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन के दौरान यह निर्देश जिले के कप्तान को तब दिया, जब उनके सामने ऐसे कई मामले आए, जिनमें थाना स्तर पर कोई कार्रवाई नही हुई और पूछने पर कप्तान ने जवाब दिया कि काम न करने वाले एसओ को हटा दिया गया है. . सीएम की नाराजगी की वजह एक के बाद एक गगहा, चिलुआताल, गुलरिहा, पिपराइच थाने से ऐसे कई मामलों का आना था, जिसका एसओ ने या तो संज्ञान नही लिया या फिर मुकदमा दर्ज करने के बाद भी संबंधित आरोपित की गिरफ्तारी नही की.

### गुरु गोरखनाथ का पूजन कर योगी ने की गो सेवा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया. साथ ही अपने गुरु महंत अवैद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक आशीर्वाद लिया. इसके बाद मंदिर भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे और गो सेवा की. गोसेवकों से संवाद कर गर्मियों में गायों की देखभाल की जानकारी ली. सीएम ने वापसी में अपने श्वान कालू और गुल्लू को भी दुलारा.

# प्रपोजल पर अटका 100 डेज वर्कप्लान
# पकड़ में आया RM रोडवेज का सफेद झूठ

**i SPECIAL**

**योगी (2.0) शासनकाल के शुरू में दिए गए थे 100 दिन के वर्क प्लान पर काम करने के निर्देश**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1July):** योगी (2.0) शासनकाल के 5 जुलाई को 100 दिन पूरे हो रहे हैं. इससे पहले राज्य सरकार ने 100 दिन के वर्क प्लान की प्रगति रिपोर्ट मांगकर विभागों को सकते में डाल दिया है. गोरखपुर जिले में 100 दिन के वर्क प्लान की गाड़ी अभी तक प्रस्ताव तक पहुंची है, जबकि कुछ में काम शुरू भी हो गया है. हालांकि, बसों को स्टैंड के अंदर खड़ा करा पाने में रोडवेज प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस असफल रही. ऑटो स्टैंड व पार्किंग, स्मार्ट रोड और साइनेज जैसे जनता से जुड़े कामों की रिपोर्ट शासन को भेजी जानी है. इसलिए डीएम 100 दिन के वर्क प्लान के प्रगति रिपोर्ट की मॉनिटरिंग स्वयं कर रहे हैं.

## 100 दिन में भेजनी है रिपोर्ट

शहर विकास के लिए सिटी डेवलपमेंट प्लान, मोबिलिटी प्लान, रोड बाइडनिंग, आईटीएमएस प्लान, पार्किंग प्लान, ट्रांसपोंटेशन प्लान के साथ-साथ गोरखपुर के चहुमुखी विकास के लिए योगी (2.0) गवर्नमेंट अलर्ट मोड पर है. न सिर्फ कार्ययोजना तैयार की गई, बल्कि शासन काल के 100 दिन पूरे होने पर कार्ययोजना को तैयार कर शासन को रिपोर्ट भेजे जाने की प्रक्रिया भी लगभग सभी विभागों के प्रमुखों ने कर ली है.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



● रेलवे बस अड्डा के बाहर अक्सर सड़क पर खड़ी रहती हैं बसें.

## वर्कप्लान -1

● जाम की समस्या, चौराहों के सौदर्यीकरण, आटो स्टैंड बनाने थे. 1192.37 लाख रुपए अनुमानित खर्च किए जाने थे. यह कार्य जीडीए को करना है.

● **जीडीए वीसी प्रेमरंजन सिंह बोले-** ट्रैफिक जाम की समस्या और चौराहों के सौदर्यीकरण के लिए कई जगहों पर काम शुरू है. योजनाओं का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा. इसके लिए तैयारी चल रही है.

## वर्कप्लान -2

● 21 स्मार्ट रोड बनाने के लिए जीडीए को डीपीआर बनानी थी. यह कार्य जीडीए को करना है.

● **जीडीए वीसी बोले-** स्मार्ट रोड का सर्वे जारी है. कई डीपीआर बन गई है. जैसे देवरिया बाई पास रोड का डीपीआर बनकर शासन को चला गया है. नौकायान से जू तक जाने वाली रोड के फोरलेन के लिए प्रस्ताव बनकर चला गया है. पैडलेगंज से कैंट थाना रोड पर सर्वे का काम चल रहा है.

## वर्कप्लान-3

बस स्टैंड के सामने सड़क पर बसों के खड़े होने पर जाम को समाप्त करना था. इस संबंध में आरएम रोडवेज को भी निर्देश थे. महेसरा पुल से पहले सड़क से पूरब पश्चिम पीडब्लूडी की खाली भूमि, माड़ापार पुल के पहले तिराहे पर चार एकड़ में परिवहन विभाग का कैंपस, रामनगर करजहां चौरीचौरा में उत्तर पूरब लगभग 2 एकड़ खाली भूमि, जंगल रामगढ उर्फ चंवरी श्रेणी 6 में लगभग 1.5 एकड़ खाली भूमि, बाघागाड़ा पुल के बाद दक्षिण पूर्व तरफ 1.5 एकड़ खाली भूमि व कालेसर तहसील सहजनवां में भूमि की तलाश करनी थी. राजस्व विभाग की तरफ से प्रस्ताव मांगा गया था.

● **आरएम पीके तिवारी बोले-** बस स्टेशन पर अनियंत्रित रूप से खड़ी होने वाली बसों को बस स्टेशन परिसर में खड़ा कराया जा रहा है. इसके लिए टीम लगाई गई है. जबकि असलियत यह है कि ज्यादातर बसें मुख्य मार्ग पर खड़ी हो रही हैं और वहीं से सवारी भी भरती हैं.

● **आरटीओ अनीता सिंह बोली-** महेसरा पुल से पहले सड़क से पूरब पश्चिम पीडब्लूडी की जमीन का मुआयना किया जा चुका है. माड़ापार पुल के तिराहे पर चार एकड़ की जमीन हमारे पास ऑलरेडी है, जिस पर तैयारी चल रही है. इसके अलावा कालेसर के पास भूमि की तलाश जारी है. राजस्व विभाग को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है.

## वर्कप्लान-4

यातायात व्यवस्था के लिए पैडलेगंज चौराहे से छात्रसंघ भवन चौराहा तक साइकिल पथ एवं नाले पर स्लैब डालकर अस्थाई तौर पर पार्किंग, एसपी ट्रैफिक, एसडीएम सदर व व्यापारियों के साथ मीटिंग कर अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया था. कूड़ाघाट, काली मंदिर, असुरन चौराहा, बेतियाहाता चौराहा, नौसड़ तिराहा समेत अन्य जगहों से नगर निगम व प्रशासन को अतिक्रमण हटाना है.

● **एडीएम सिटी विनीत सिंह बोले-** पैडलेगंज चौराहे से छात्रसंघ भवन चौराहे तक नाले पर स्लैब डालने का काम शुरू है. अस्थाई पार्किंग की तैयारी की गई है. कूड़ाघाट, काली मंदिर, असुरन चौराहा, बेतियाहाता चौराहा, नौसड़ तिराहा समेत अन्य जगहों पर नगर निगम व हमारी टीम लगातार अतिक्रमण को लेकर अभियान चला रही है.

## वर्कप्लान-5

पर्यटन विभाग द्वारा सिटी के विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त साइनेज लगाने का सुझाव दिया गया था. फल विक्रेताओं व व्यापारियों के साथ मीटिंग कर मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करवाना था.

● **रीजनल टूरिस्ट आफिसर रविंद्र मिश्रा बोले-** सिटी के विभिन्न स्थानों पर लगाए जाने वाले साइनेज हमारी 2022-23 के कार्ययोजना में शामिल है. इस पर तैयारी की जा रही है. गीडा में होटल मैनेजमेंट के लिए भी हमारी कार्ययोजना में शामिल है. इसके लिए जिला प्रशासन से मिलकर तैयारी की जा रही है.

## वर्कप्लान-6

पर्यटन द्वारा गोरखनाथ मंदिर परिसर में पर्यटकों के सुविधा के लिए ओपन एयर थियेटर, बरामदा, ग्रीन रूम, सर्विस रूम, आरसीसी पार्किंग, वॉच टॉवर एवं अन्य कार्य होने थे. इसके साथ ही चौरीचौरा में स्थित संग्रहालय के जीर्णोद्वार-सौदर्यीकरण का कार्य, शहीद स्मारक चौरीचौरा विकास कार्य के अंतर्गत एमपपी थियेटर, म्यूजियम निर्माण की योजना, गोरखनाथ मंदिर में लगभग 200 बेड का यात्री निवास संत निवास भवन का निर्माण किया जाना था.

रीजनल टूरिस्ट ऑफिसर बोले- पर्यटकों के लिए गोरखनाथ मंदिर में ओपन एयर थियेटर, बरामदा, ग्रीन रूम, सर्विस रूम, आरसीसी पार्किंग, वॉच टावर आदि बनाए जाने का काम लगभग पूरा हो गया है. कुछ बाकी है. वह भी जल्द ही पूरे हो जाएंगे. गोरखनाथ मंदिर में जो 200 बेड का यात्री निवास संत निवास भवन का निर्माण बनाए जाने के लिए प्रस्ताव बनाया गया है. जल्द जगह चिन्हित की जाएगी.



**"गोरखपुर के विकास के लिए कार्य योजना के तहत प्रस्ताव बनाए जा रहे हैं. इसके लिए ज्यादातर विभागों ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने की तैयारी भी कर ली है. पर्यटन को बढ़ावा देना और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए रोडमैप तैयार है.**

**कृष्णा करुणेश,**
डीएम गोरखपुर

### गैंगरेप के पांचवे आरोपित की तलाश में पुलिस टीम ने की छापेमारी

# आरोपितों के मोबाइल की होगी फोरेंसिक जांच

**हि फॉलोअप**

- आरोपितों ने घटना घटना का वीडियो बनाकरा दिए धमकी
- करीबियों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही हैं पूछताछ

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कुसम्ही जंगल गैंग रेप में गुरुवार की देर शाम को पकड़े गए चौथे आरोपित वकील को शुक्रवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पांचवें आरोपित की तलाश के साथ ही अब पुलिस सभी आरोपितों के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच कराएगी। आरोप है कि उन्होंने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो भी बनाया है, हालांकि पुलिस की जांच में अभी वह वीडियो सामने नहीं आया है।

शहर के स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा अपने स्कूल के साथी के साथ घूमने कुसम्ही जंगल में गई थी। आरोप है कि चार अन्य युवक जंगल में पहुंच गए और उन्होंने बंधक बनाकर छात्रा के साथ गैंग रेप किया। पुलिस ने छात्रा के स्कूल के साथी सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यही नहीं आरोप है कि उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया है। पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले आरोपितों के मोबाइल फोन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। फरार चल रहे जंगल सिकरी के रहने वाले पांचवें आरोपित लवकुश की तलाश में दो दिन से छापेमारी चल रही है। पूछताछ के लिए करीबियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। चर्चा थी कि आरोपितों ने घटना का वीडियो बनाया है। भोलू यादव उर्फ विशाल ने छात्रा को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा था कि बातचीत करते रहना नहीं तो वीडियो वायरल कर दूंगा। खोराबार थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम इसी मोबाइल नंबर के जरिए आरोपितों तक पहुंची थी। कुसम्ही जंगल में हुई सनसनीखेज वारदात के बाद अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है।

## मनबढ़ों के आतंक से सहमे लोग

**बड़हलगंज।** कस्बे में पटना चौराहे से बड़ी मस्जिद तक कुछ मनबढ़ों द्वारा मारपीट कर छिनैती करने की घटना से नागरिकों में डर व्याप्त हो गया है। एक माह में एक ही स्थान पर तीन घटनाएं इसकी तस्दीक कर रही हैं।

ताजा घटनाक्रम में बुधवार की रात कालीचौरा मंदिर के पास पौने नौ बजे आइसक्रीम बेच रहे विक्रेता को बेवजह बदमाशों ने दौड़ा कर पीटा। आइसक्रीम विक्रेता ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। किसी ने इस घटना का वीडियो भी वायरल किया है। 20 दिन पूर्व कालीचौरा-बड़ी मस्जिद के पास रात साढ़े नौ बजे कस्बे के व्यवसायी संतोष जायसवाल को बाइक सवार बदमाश तलाशी के बाद मारपीट कर नौसहरा मोहल्ले की तरफ फरार हो गए। पीड़ित व्यवसायी ने बताया कि इस दौरान एक बदमाश असलहा निकालने का भी प्रयास किया था। उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री महेश उमर ने बड़हलगंज कोतवाल को मामले की जानकारी व वायरल वीडियो दिखाते हुए मनबढ़ बदमाशों की तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की।

# तहसील व थाने पर करें समस्या का समाधान

**जनता दर्शन**



जनता दर्शन कार्यक्रम में शुक्रवार को लोगों की समस्याएं सुनते सीएम योगी।

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनता दर्शन में फरियादियों की भीड़ देख अफसरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण अगर जिला, तहसील और थाना स्तर पर होता तो लोग इतनी दूर से यहां नहीं आते। हिदायत दी कि जिला कार्यालयों, तहसीलों और थानों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण करें।

सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगे जनता दर्शन में एक-एक कर 160 फरियादियों से मिलकर उनकी शिकायत सुनी। सर्वाधिक शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थीं। एक ओर उन्होंने फरियादियों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया वहीं अधिकारियों को उनकी कार्यशैली को लेकर आईना दिखाया। करीब एक घंटे तक सीएम फरियादियों के बीच रहे। इसके बाद सीएम कैंप कार्यालय के प्रभारी मोतीलाल सिंह, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी विपिन ताड़ा, संयुक्त मजिस्ट्रेट समेत अन्य अधिकारियों ने हिन्दू सेवाश्रम एवं यात्री निवास में तकरीबन 650 फरियादियों की लिखित शिकायत लेकर समाधान का आश्वासन दिया।

**अपात्रों को पीएम आवास, डीएम को जांच के आदेश :** जनता दर्शन में धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद राजू सिंह ने प्रधानमंत्री आवास आवंटन में गड़बड़ी की शिकायत मुख्यमंत्री से की। कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत से दो मंजिला मकान वालों को भी आवास के लिए भुगतान किया जा रहा है। गरीब आवास पाने को सरकारी विभागों का चक्कर काट रहा है। उन्होंने डूडा पर आरोप लगाते हुए 62 लोगों की सूची सीएम को सौंपी।

## गुरु गोरखनाथ का पूजन कर योगी ने की गो सेवा

योगी ने शुक्रवार की सुबह सबसे शिवावतारी गुरु गोरखनाथ दर्शन पूजन किया। गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेक उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे जहां तकरीबन 20 मिनट तक गौ सेवा की। गोशाला के जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए सीएम योगी जनता दर्शन के लिए निकल गए।

## सीएम सिटी में किसी भी आपातस्थिति से निपटने को 25 पुलिसकर्मियों की टीम तैयार

# मंदिर और एयरपोर्ट की सुरक्षा को क्यूआरटी

**05** दरोगा और 20 पुलिस कर्मियों की हुई है गोरखा ट्रेनिंग

- एक दरोगा और चार सिपाहियों की बनाई गई है एक क्यूआरटी टीम
- गोरखनाथ मंदिर के पुलिसकर्मियों पर मुर्तजा के हमले के बाद तैयारी

### तैयारी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** सीएम सिटी में किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए 25 पुलिस कर्मियों की एक फोर्स तैयार हो गई है। इस फोर्स को गोरखा ट्रेनिंग दिलाकर उन्हें हर तरह से लड़ने के लिए काबिल बनाया गया है। शुक्रवार को इनकी तीन दिवसीय ट्रेनिंग पूरी हुई जिसके बाद इन पुलिसवालों की पांच क्यूआरटी बनाई गई है। प्रत्येक क्यूआरटी में एक दरोगा और सिपाही को रखा गया है।

दरोगा अपनी टीम को लीड करेगा। एक क्यूआरटी गोरखनाथ मंदिर, एक एयरपोर्ट की सुरक्षा में मुस्तैद होगी तो वहीं तीन को वीआईपी से लेकर अन्य जगहों के लिए हर वक्त अलर्ट रखा जाएगा जाएगा। गोरखनाथ मंदिर में पुलिस कर्मियों पर हमले के बाद इस तरह की एक ट्रेंड टीम की आवश्यकता महसूस की गई थी। जिसके बाद एसपी सिटी ने इसकी रूप-रेखा तैयार की थी।

दरअसल, सीएम सिटी होने के नाते गोरखपुर में सुरक्षा को लेकर कई तरह की चुनौतियों से पुलिस अफसरों को निपटना पड़ता है। शहर में वीआईपी का दौरा लगातार होता है। वहीं विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर, गीता प्रेस, एयरपोर्ट आदि स्थानों पर समय-समय पर सुरक्षा की जरूरत महसूस होती है। पिछले दिनों गोरखनाथ मंदिर में सुरक्षा कर्मियों पर जिस तरह से मुर्तजा अब्बासी नामक युवक ने हमला किया था उससे कई तरह की चूक भी दिखी थी। हमले के बाद उसने कुछ देर तक अपने हाथ में लिया बांका लहराया था। इस तरह की घटना के बाद एक क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) की जरूरत महसूस की गई। शुरुआती दौर में 25 लोगों की पांच ट्रेंड टीम बनाने पर सहमति बनी। टीम को लीड सब इंस्पेक्टर करेंगे तो वहीं चार सिपाही भी होंगे।



गोरखा प्रशिक्षण लेते क्यूआरटी के जवान।

### पुलिसकर्मियों की तीन दिवसीय विशेष ट्रेनिंग हुई पूरी

गोरखा रेजिमेन्ट, कुडाघाट, गोरखपुर के बेस सेन्टर पर इन पुलिस कर्मियों की तीन दिवसीय ट्रेनिंग पूरी हुई। गोरखा रेजिमेन्ट के सैनिकों ने सुरक्षा के दृष्टिगत इन्हें विशेष प्रकार की ट्रेनिंग दी। मंदिर पर हाल में हुए हमले को ध्यान में रखते हुए खुकरी की ट्रेनिंग में पुलिस कर्मियों को चाकू से प्रहार निपटना, निहत्थे से कैसे मुकाबला करना है। हथियार संचालन एवं सुरक्षा के दृष्टि से टैक्टिकल मूवमेन्ट की तीन दिवस स्पेशलाइज्ड कैप्सूल (विशेष प्रशिक्षण) प्रदान किया गया।

> गोरखपुर में क्विक रिस्पांस टीम की जरूरत है। इसके लिए 25 पुलिस कर्मियों को जीआरडी में तीन दिवसीय गोरखा ट्रेनिंग दिलाई गई है। पांच पुलिस कर्मियों की एक टीम बनाई गई है। कुल पांच टीमें हैं। एक टीम गोरखनाथ मंदिर, एक एयरपोर्ट और वीआईपी सुरक्षा सहित अन्य मामलों के लिए यह टीम हर वक्त मुस्तैद रहेगी।
>
> – कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी



## एक नजर में

### दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

**चिलुआताल** : महिला से दुष्कर्म करने के आरोपि ताके चिलुआताल पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। सीओ कैंपियरगंज अजय सिंह ने बताया कि सहजनवां के सेमरडाड़ी निवासी अजय यादव के खिलाफ महिला ने 30 अप्रैल को चिलुआताल थाना में दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था।शुक्रवार की सुबह आरोपित को सिंहोरवा चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। (जासं)

### हत्यारोपित को आजीवन कारावास

**गोरखपुर**। हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल सखनी टोला मक्खनपुर निवासी अभियुक्त सुधीर चौहान को आजीवन कारावास एवं 52 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को आठ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि वादी विजयमल चौहान कुशीनगर जिले के हाटा थाना क्षेत्र के पगरा का निवासी है। उसकी लड़की सुनीता चौहान छात्रसंघ चौराहे पर किराए का मकान लेकर रहती थी। दो फरवरी 2018 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने वादी की लड़की को चाकू से उसके गले पर वार कर दिया था। (जासं)

# पांच मिनट में 'दुश्मन' को चित कर देगी क्यूआरटी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पुलिस की स्पेशल क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) में शामिल दारोगा व सिपाही अचानक हमला होने पर पांच मिनट के भीतर ही 'दुश्मन' को चित कर देंगे। एसपी सिटी की पहल पर गोरखा रिक्रूट डिपो (जीआरडी) में उन्हें निहत्था व हथियार से लड़ने की ट्रेनिंग दी गई। इन जवानों की ड्यूटी वीआइपी दौरा व गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में लगेगी।



जीआरडी में ट्रेनिंग लेते क्यूआरटी के जवान ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

नेपाल बार्डर से नजदीक होने की वजह से गोरखपुर को सुरक्षा के लिहाज से संवेदशील माना जाता है। शहर में वीआइपी का दौरा लगातार होता है। विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर, गीता प्रेस, कचहरी व एयरपोर्ट की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस अधिकारियों ने पांच दारोगा व 20 सिपाहियों की स्पेशल क्यूआरटी का गठन किया है। एक दारोगा व चार सिपाही की एक टीम को किसी एक स्थान पर तैनात किया जाएगा। मुख्यमंत्री व अन्य वीआइपी का दौरा होने पर यह टीम उनके साथ होगी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि 25 पुलिस कर्मियों को जीआरडी में तीन दिन ट्रेनिंग दिलाई गई है। पांच पुलिस कर्मियों की एक टीम बनाई गई है। एक टीम गोरखनाथ मंदिर, एक एयरपोर्ट और वीआइपी सुरक्षा सहित अन्य मामलों के लिए हर वक्त मुस्तैद रहेगी।

**सुरक्षाकर्मियों पर हुए हमले को देखते हुए कराई ट्रेनिंग :** गोरखा रेजिमेंट, कूड़ाघाट, गोरखपुर के बेस सेंटर पर इन पुलिस कर्मियों की तीन दिवसीय ट्रेनिंग पूरी हुई। गोरखा रेजिमेंट के सैनिकों ने सुरक्षा के दृष्टिगत इन्हें विशेष प्रकार की ट्रेनिंग दी। हाल में गोरखनाथ मंदिर के गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर हुए हमले को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों को खुकरी की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें चाकू के प्रहार से निपटना, निहत्थे मुकाबला करने का तरीका बताया गया। टैक्टिकल मूवमेंट की तीन दिवस स्पेशलाइज्ड कैप्सूल (विशेष प्रशिक्षण) प्रदान किया गया।

# हत्या के प्रयास के आरोपित को दस वर्ष का कारावास

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर।** हत्या के प्रयास का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज पोखरा टोला निवासी अभियुक्त नीरज को दस साल के कठोर कारावास एवं 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शरदेंदु प्रताप नारायण सिंह का कहना था कि वादी अनिल कुमार गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज पोखरा टोला का निवासी है। छह नवंबर 2011 की रात दस बजे वादी की बुआ के लड़के श्यामल दास व नीरज के बीच कहासुनी हो रही थी। वादी का भाई आशीष कुमार बीच-बचाव करने गया।

नीरज ने उत्तेजित होकर आशीष को जान से मारने की नीयत से पेचकस से सीने, पेट व हाथ में कई वार किए, जिससे उसे प्राणघातक चोटें आईं।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# आरोपितों के मोबाइल की होगी जांच

## चौथे आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल, तेज हुई पांचवें की तलाश

**फालोअप**

- पुलिस चौकी के लिए चिन्हित हुई जमीन, जंगल में बढ़ाई गई गश्त
- सहपाठी के साथ घूमने आई छात्रा से हुआ था सामूहिक दुष्कर्म

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच होगी। आरोप है कि उन्होंने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो भी बनाया है, लेकिन पुलिस की जांच में कुछ मिला नहीं। गुरुवार की रात में पकड़े गए चौथे आरोपित वकील पासवान को पुलिस ने शुक्रवार की सुबह कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पांचवें आरोपित की तलाश में खोराबार थाना पुलिस छापेमारी कर रही है।

सहपाठी के साथ घूमने गई छात्रा को कुसम्ही जंगल में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपितों के मोबाइल फोन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। फरार चल रहे जंगल सिकरी के रहने वाले लवकुश की तलाश में दो दिन से छापेमारी चल रही है। पूछताछ के लिए करीबियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। चर्चा थी कि आरोपितों ने घटना का वीडियो बनाया है। भोलू यादव उर्फ विशाल ने छात्रा को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा था कि बातचीत करते रहना, नहीं तो वीडियो वायरल कर दूंगा। खोराबार थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम इसी मोबाइल नंबर के जरिए आरोपितों तक पहुंची थी। कुसम्ही जंगल में हुई सनसनीखेज वारदात के बाद अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। एसपी सिटी एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पांचवें आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुसम्ही जंगल और आसपास के क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। चौकी खोलने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है।




खोराबार पुलिस की गिरफ्त में सामूहिक दुष्कर्म का आरोपित । जागरण

### अपहृत किशोरी को मुक्त कराया

**गोरखपुर :** किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपित को गुलरिहा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह पकड़ लिया। आरोपित नाबालिग है। 15 दिन पहले उसने गांव की रहने वाली किशोरी को अगवा कर लिया था। किशोरी को मुक्त कराकर वन स्टाप सेंटर भेजा है जहां उसका मेडिकल परीक्षक कराया जा रहा है।

### कोल्ड्रिंक पिलाने के बहाने बालिका से की छेड़खानी

**गोरखपुर :** कोल्ड्रिंक पिलाने के बहाने बालिका को अपने साथ ले गए अधेड़ ने छेड़खानी की। शोर मचाने पर आरोपित ने छोड़ा तो घर आकर मां को घटना की जानकारी दी। गुलरिहा थाना पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर शुक्रवार की सुबह कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र की रहने वाली महिला का मायका गुलरिहा क्षेत्र में है। उसकी 10 वर्षीय बेटी ननिहाल में रहकर पढ़ाई करती है। गुरुवार की रात में मामा के घर के पास खेल रही थी।गांव का नसरुद्दीन उर्फ नसरू कोल्डड्रिंक पिलाने के बहाने बालिका को अपने साथ गांव के बाहर खेत में ले गया और अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर छोड़कर फरार हो गया।घटना की जानकारी होने पर स्वजन के साथ ही गांव के लोगों ने आरोपिता की तलाश शुरु कर दी। डायल 112 पर सूचना देने पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई का भरोसा देकर गांव के लोगों को शांत कराया।शुक्रवार की सुबह आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गुलरिहा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# धनाभाव में नहीं रुकेगा किसी का उपचार : मुख्यमंत्री



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● सौ. गोरखनाथ मंदिर



महराजगंज के सिसवा बाजार से आर्थिक सहायता के लिए आई माही श्रीवास्तव के व्हील चेयर को ढकेलते हुए जनता दर्शन में जाता छोटा भाई आयुष व माता-पिता। ● पंकज श्रीवास्तव

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की सुबह नियमित दिनचर्या के बाद गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन किया और लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। समस्या लेकर करीब 500 लोग आए थे। जनता दर्शन में पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामले बड़ी संख्या में पहुंचे। कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने भी पहुंचे। उन्हें मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि आर्थिक मदद के मामले की प्रक्रिया जल्द पूरी करके फाइल लखनऊ भेजें, जिससे समय से धन अस्पताल को भेजा जा सके। जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री कुछ देर मंदिर कार्यालय के लाल कक्ष में भी बैठे। वहां भी उन्होंने करीब 50 लोगों से मुलाकात की। करीब 45 मिनट चले जनता दर्शन के दौरान डीआइजी जे रवींद्र गौड, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. विपिन टाडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई मौजूद रहे।

**पूर्व विधायक के भाई पर मकान कब्जा करने का लगाया आरोप** : जनता दर्शन में एक मामला मेंहदावल के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल के भाई के खिलाफ मकान कब्जा करने के आरोप को लेकर भी पहुंचा। हड़हवा फाटक के रहने वाले बुजुर्ग विश्वबंधु गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि पूर्व विधायक के भाई अजय सिंह को उन्होंने स्कूल खोलने के लिए झुंगियां में अपना मकान किराये पर दिया था। इसे लेकर करार 29 फरवरी 2012 को ही खत्म हो गया, पर वह मकान खाली नहीं कर रहे। उन्होंने फर्जी दस्तावेज के जरिये नया करारनामा तैयार कर लिया है। अब तो वह किराया भी नहीं दे रहे। मुख्यमंत्री ने जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**मकान वालों का मकान मिल गया, गरीब भटक रहे** : धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद राजू सिंह ने मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री आवास में घोटाले की शिकायत की। उनका कहना था कि गोरखपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर जमकर खेल चल रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत से दो मंजिला मकान वालों को भी आवास के लिए भुगतान कर दिया गया। उन्होंने ऐसे करीब 62 लोगों की लिस्ट भी मुख्यमंत्री को सौंपी।

**तुम तो ब्लैकमेलर हो, यह सुन फरार हुआ व्यक्ति** : जनता दर्शन के दौरान एक व्यक्ति पर जैसे ही मुख्यमंत्री की नजर पड़ी। वह उसे डांटने लगे। बोले, तुम तो ब्लैकमेलर हो। लोगों को ब्लैकमेल करते हो। यहां किसलिए आए हो। यह सुनकर उस व्यक्ति ने जनता दर्शन से धीरे से निकल जाना ही उचित समझा।

**गुरु का पूजन कर योगी ने की गोसेवा** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की सुबह सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। साथ ही गुरु महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर भी मत्था टेक आशीर्वाद लिया।। इसके बाद मंदिर भ्रमण के क्रम में वह गोशाला गए, जहां करीब आधे घंटे उन्होंने गोसेवा की।

# हत्या का जुर्म सिद्ध होने पर आजीवन कारावास

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगल सखनी टोला मक्खनपुर निवासी अभियुक्त सुधीर चौहान को आजीवन कारावास एवं 52 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को आठ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा ने पक्ष रखा। ब्यूरो

## हत्या की कोशिश के आरोपी को दस साल की सजा

गोरखपुर। हत्या के प्रयास का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिंह ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज पोखरा टोला निवासी अभियुक्त नीरज को दस साल के कठोर कारावास एवं 40 हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शरदेंदु प्रताप नारायण सिंह का कहना था कि वादी अनिल कुमार गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज पोखरा टोला का निवासी है। 6 नवम्बर 2011 की रात दस बजे अभियुक्त नीरज ने उत्तेजित होकर आशीष को जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था। ब्यूरो

# हिस्ट्रीशीटर ने बाप-बेटे पर सरिया से हमला किया, पकड़ा गया

## हरपुर बुदहट इलाके में बगीचे के रास्ते जाने से मना करने पर हुई वारदात

अमर उजाला ब्यूरो

हरपुर बुदहट। इलाके के कसिहरा गांव में शुक्रवार सुबह सात बजे बगीचे के रास्ते जाने से मना करने पर हिस्ट्रीशीटर ने पिता-पुत्र पर सरिया से हमला कर दिया। मारपीट होती देख पोता व ग्रामीण उस ओर दौड़े और बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। मारपीट में पोते को भी चोट आई है।

पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर श्यामसुंदर के खिलाफ मानव जीवन को संकट में डालने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

**केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी श्यामसुंदर को जेल भेजा**

जानकारी के मुताबिक, कसिहरा गांव निवासी राम सिंह (70) अपने दरवाजे के पास बैठे थे। इस दौरान गांव का निवासी व हिस्ट्रीशीटर श्यामसुंदर की राम सिंह से कहासुनी हो गई। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर ने सरिया से बुजुर्ग पर हमला कर दिया। उनकी आवाज सुनकर पास में ही काम कर रहे उनके बेटे अशोक सिंह पहुंचे तो आरोपी ने उन पर हमला कर दिया। बाबा और पिता की पिटाई देख विशाल भी दौड़ा। ग्रामीण भी उस ओर गए, लेकिन तब तक विशाल पर भी आरोपी ने हमला कर मामूली रूप से घायल कर दिया।

पुलिस ने राम सिंह के छोटे बेटे सुनील सिंह की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर श्यामसुंदर के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है।

**पुख्ता सुरक्षा** एसपी सिटी की पहल पर गोरखा रेजिमेंट में कमांडो ट्रेनिंग पूरी कर लौटे पुलिसकर्मी

# हर मुसीबत से निपटेगी पुलिस की क्यूआरटी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले में विशेष परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस की कमांडो टीम तैयार हो गई है। पांच दरोगा और 20 सिपाहियों का गोरखा रेजीमेंट में कमांडो प्रशिक्षण शुक्रवार को पूरा हो गया। जिले में लौटने के बाद इन्हें सक्रिय कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल, गोरखनाथ मंदिर के अलावा अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर टीम सक्रिय रहेगी। इसके अलावा कोई अप्रिय घटना होने पर तत्काल टीम मोर्चा संभाल लेगी।

जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ मंदिर के सुरक्षा कर्मियों पर हमले के बाद सीएम सिटी की सुरक्षा और पुख्ता की जा रही है। इसे लेकर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई की पहल पर जिले में पांच विशेष क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) गठित की गई है।

> सुरक्षा के लिहाज से पांच क्यूआरटी गठित की गई हैं। एक टीम में पांच पुलिसकर्मी शामिल किए गए हैं। गोरखा रेजिमेंट में इनकी कमांडो ट्रेनिंग हुई है। एक टीम गोरखनाथ मंदिर, एक एयरपोर्ट और दो टीमें वीआईपी सुरक्षा सहित अन्य मामलों के लिए हर वक्त मुस्तैद रहेंगी। एक टीम को रिजर्व रखा जाएगा। - **कृष्ण कुमार विश्नोई,** एसपी सिटी

इस टीम को गोरखा रेजिमेंट के कमांडो के साथ प्रशिक्षण दिलाया गया है। एक टीम गोरखनाथ मंदिर और दूसरी एयरपोर्ट की सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी। दो क्यूआरटी वीआईपी मूवमेंट के लिए सुरक्षित रहेगी। वहीं एक क्यूआरटी को रिजर्व रखा जाएगा। एसपी सिटी का मानना है कि मुख्यमंत्री का जिला होने की वजह से गोरखपुर में सुरक्षा को लेकर कई तरह की चुनौतियां होती हैं। शहर में वीआईपी का दौरा लगातार होता है। हर क्विक रिस्पांस टीम में एक सब इंस्पेक्टर और चार सिपाही शामिल किए गए हैं।



प्रशिक्षण लेकर लौटे पुलिसकर्मियों ने कला का प्रदर्शन किया। संवाद

### ऐसी परिस्थितियों से निपटने में दक्ष हुई टीम

**विशेष** दस्ते में शामिल पुलिस वालों को चाकू से प्रहार, निहत्थे मुकाबला, हथियार संचालन एवं सुरक्षा के दृष्टि से टैक्टिकल मूवमेन्ट का तीन दिन का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### खुखरी हमले से भी निपट लेंगे जवान

**गोरखनाथ** मंदिर पर हमले के दौरान सामने आया था कि धारदार हथियार से हुए हमले से निपटने में पुलिस वाले दक्ष नहीं थे। यही वजह है कि एसपी सिटी की पहल पर खुखरी से निपटने की ट्रेनिंग भी विशेष दस्ता ने हासिल की है।

# दुष्कर्म के आरोपियों के मोबाइल फोन की होगी फॉरेंसिक जांच

## खोराबार इलाके के कुसम्ही जंगल में हुई थी घटना, चौथे आरोपी को जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खोराबार इलाके के कुसम्ही जंगल में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच होगी। आरोप है कि आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो भी बनाया है, लेकिन मोबाइल की जांच में नहीं मिला है।

उधर, गिरफ्तार चौथे आरोपी वकील पासवान को पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। एक आरोपी लवकुश पासवान अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, 27 जून को कक्षा 9वीं की छात्रा अपने कक्षा में पढ़ने वाले एक किशोर के साथ जंगल में गई थी। दोनों को आपत्तिजनक हालत में देखकर जंगल सिकरी गांव के चार युवकों ने किशोर की पिटाई कर उसे भगा दिया था और छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने केस दर्ज कर तीन आरोपियों को बृहस्पतिवार दोपहर ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन चौथा आरोपी वकील पासवान रात में पकड़ा गया था। इस वजह से उसे शुक्रवार को जेल भेजा गया है। घटना के बाद एक बात सामने आई कि भोलू उर्फ विशाल यादव ने अपना मोबाइल नंबर देते हुए बात करने का दबाव बनाया था। उसने कहा था कि बात नहीं करोगी तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर दूंगा। पुलिस ने मोबाइल फोन बरामद कर चेक किया तो उसमें वीडियो नहीं मिला है, लेकिन एहतियातन फॉरेंसिक जांच कराए जाने का फैसला किया गया है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि जांच जारी है। जल्द ही फरार आरोपी को भी जेल भेजा जाएगा।

# गुलरिहा में पांच बेटियों के पिता ने बच्ची से की छेड़खानी

## आरोपी नसरुद्दीन के खिलाफ केस दर्ज, गिरफ्तार करके जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के एक गांव में बृहस्पतिवार की रात कोल्डड्रिंक पिलाने के बहाने पांच बेटियों के पिता ने नौ साल की बच्ची से छेड़खानी की। शोर मचाने पर आरोपी ने बच्ची को छोड़ दिया, फिर वह भागकर घर आई।

रात में ही आक्रोशित ग्रामीण आरोपी नसरुद्दीन की तलाश में उसके घर तक पहुंच गए थे, लेकिन पुलिस ने समझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद केस दर्ज करके शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज के श्यामदेउरवा इलाके की रहने वाली एक बच्ची गुलरिहा इलाके में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करती है। वह चौथी कक्षा की छात्रा है। बृहस्पतिवार की रात मामा के घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान नसरुद्दीन आया और उसे कोल्डड्रिंक पिलाने के बहाने खेत की ओर लेकर चला गया। खेत में ले जाकर बच्ची से अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची के शोर मचाने पर वह डर गया और भाग निकला। आरोपी के चंगुल से छूटी व सहमी बच्ची घर पहुंची। इसके बाद सारी बात परिजनों से बताई। नाराज परिजनों ने आसपास के लोगों को बुलाया और एकत्र होकर आरोपी की तलाश में निकल गए। इसी बीच किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना पर आई पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया और तत्काल केस दर्ज कर लिया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### आक्रोशित ग्रामीण आरोपी की तलाश में थे, पुलिस ने समझाकर शांत कराया

### दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

चिलुआताल। इलाके के एक गांव में विवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सहजनवां के सेमरडाड़ी निवासी अजय कुमार यादव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ 30 अप्रैल को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की तलाश में पुलिस लगी थी कि इसी बीच सूचना मिली कि सिहोरवा चौराहे के पास आरोपी मौजूद है। सूचना पर उप निरीक्षक घनश्याम उपाध्याय दो सिपाहियों के साथ पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# थाना, तहसील पर ही निस्तारित करें समस्याएं : योगी

## सीएम योगी बोले-सुनवाई न करने वाले लापरवाह अफसरों पर की जाएगी कार्रवाई, जनता दरबार में 160 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर एक बार दोहराया कि थाना और तहसील स्तर के मामलों का निस्तारण वहीं किया जाए। इसमें लापरवाही करने वाले अफसरों को चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

उन्होंने पुलिस व प्रशासन के आला अफसरों से कहा कि छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण यदि जिला, तहसील और थाना स्तर पर होता तो लोग इतनी दूर से यहां जनता दरबार में नहीं आते। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जिला कार्यालयों, तहसीलों और थानों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से त्वरित निस्तारण करें।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के हिन्दू सेवाश्रम में जनता दरबार लगाया और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री सुबह करीब आठ बजे जनता दरबार में आए। उन्होंने 160 फरियादियों से उनकी समस्याएं सुनीं और शिकायती पत्र लेकर संबंधित अफसरों को तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश दिया। महिला फरियादियों के साथ आए छोटे बच्चों को उन्होंने चाकलेट देकर दुलारा।

जनता दरबार के दौरान एक बार फिर सर्वाधिक शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी हुई पहुंची। मुख्यमंत्री सुबह 8:45 बजे हिन्दू सेवाश्रम से प्रस्थान कर गए ,लेकिन मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के प्रभारी मोतीलाल सिंह, डीएम कृष्णा करूणेश, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा, संयुक्त मजिस्ट्रेट समेत अन्य अधिकारियों ने हिंदू सेवाश्रम व यात्री निवास में करीब 600 फरियादियों के प्रार्थनापत्र लेकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।



जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते सीएम योगी। अमर उजाला

**पूर्व पार्षद ने की पीएम आवास में घोटाले की शिकायत :** धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद रविन्द्र प्रताप सिंह राजू ने जनता दरबार में मुख्यमंत्री को प्रार्थनपत्र देकर प्रधानमंत्री आवास में घोटाले का आरोप लगाते हुए शिकायत की। उनका कहना था कि धर्मशाला वार्ड में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर जमकर खेल हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की मिलीभगत से बने हुए दो मंजिला मकान वालों को भी आवास के लिए फर्जी भुगतान कर दिया गया है। करीब 62 लोगों के नामों की सूची भी उन्होंने मुख्यमंत्री को सौंपी। इसपर मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद डीएम को तत्काल मामले की जांच कराकर आरोप सही मिलने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 25 करोड़ से ज्यादा की धनराशि का हेरफेर किया गया है।

**पूर्व विधायक के भाई नहीं खाली कर रहे मकान :** मुख्यमंत्री के जनता दरबार में संतकबीरनगर के पूर्व विधायक और उनके भाई के खिलाफ मकान हड़पने की भी शिकायत पहुंची। शहर के ही हड़हवा फाटक रोड जटेपुर उत्तरी निवासी 68 वर्षीय विश्व बंधु गुप्ता ने शिकायत की कि पूर्व विधायक के भाई ने एक स्कूल खोलने के लिए गुलरिहा इलाके में मकान किराए पर लिया, 29 फरवरी 2012 को ही एग्रीमेंट भी खत्म हो गया। इसपर मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दूसरी तरफ, विधायक के भाई ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना है कि जिस भवन की बात की जा रही है, उसका आवंटन कराने की प्रक्रिया चल रही है। जीडीए के पास आवेदन पत्र लंबित है। धनराशि हड़पने के चक्कर में आरोप लगाए जा रहे हैं। जो भवन लिया गया है, उसका पूरा किराया दिया जाता है। इसका सारा रिकार्ड उपलब्ध है। मामला कोर्ट के विचाराधीन है।

### फर्जी शिकायत करते हो, कैसे आ गए?

**शिकायत** लेकर पहुंचे एक व्यक्ति पर मुख्यमंत्री की निगाह पड़ी तो उन्होंने कहा कि- तुम तो फर्जी शिकायतें करते हो। यहां कैसे आ गए। इसके बाद वह शिकायतकर्ता धीरे से जनता दरबार से खिसक गया।

### गो सेवा भी की

**सीएम** योगी ने शुक्रवार सुबह सबसे शिवावतारी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक उनका आशीर्वाद लिया। मंदिर भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे और वहां 20 मिनट तक गो सेवा की। गो-सेवकों से संवाद कर गायों की देखभाल की उचित सलाह दी।

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 2-7-22

# न्यायालय के आदेश पर बलबा का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोरमा में दो माह पूर्व दो पक्षों में हुए विवाद को लेकर एक पक्ष ने लाठी डण्डा से मारापीटा था। जिसका मुकदमा दर्ज न होने पर रुद्रपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ग्राम खोरमा निवासी सुनैना देवी पत्नी सत्यनारायण विश्वकर्मा के तहरीर पर कि उक्त गांव निवासी प्रीतम चौरसिया पुत्र राजकुमार चौरसिया द्वारा ट्राली से गेंहू लाद कर ले जाते समय वादनी के दिवाल में ठोकर मार दिया, जिससे दिवाल गिर गया। वादनी द्वारा सावधानी से ट्रैक्टर चलाने की बात कहने पर अभियुक्त गण द्वारा एक राय होकर लाठी डण्डा लेकर मारने के लिये दौड़ा लिया एवं घर में घुसकर मारापीटा एवं गाली गुत्ता दिया। पुलिस ने उपरोक्त मामले में अभियुक्त प्रीतम चौरसिया, संजय चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, विकास, ललिता देवी, अंकिता देवी के खिलाफ धारा 147, 323, 325, 352, 427, 452, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 2-7-22

# कच्ची शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

रुद्रपुर (एसएनबी)। कच्ची शराब के कारोबारियों की धड़ पकड़ के लिये पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत रुद्रपुर पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाकर क्षेत्र के कच्ची शराब के कारोबारियों को पकड़ा है। जिसमें कोईलगदहा बिचला टोला मोड़ के पास से अखिलेश निषाद पुत्र सुभाष निषाद बारी टोला तिवई को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं अशोक निषाद पुत्र रामप्रसाद निषाद बारी टोला तिवई को उक्त स्थान से कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। इसके साथ ही अलग- अलग स्थानों से दो अन्य लोगों को भी कच्ची शराब के साथ पकड़ा। इस दौरान पुलिस ने पकड़े गये कुल चार अभियुक्तों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि०-2-7-22

# दो पशु तस्कर हुए गिरफ्तार

सलेमपुर। पुलिस ने गोवंशीय पशुओं समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के नवलपुर -लार मार्ग पर बुधवार की रात नवलपुर चौकी प्रभारी हिरामन हमराहियों के साथ डोल छपरा गांव के समीप गश्त पर थे। उसी दौरान नवलपुर की तरफ से आ रहे पिकअप की तलाशी ली तो पांच गाय, तीन बछड़े लदे हुए पाए गए।

हिन्दुस्तान दि०-२-५-२२

# वृद्ध की हत्या में चारों आरोपियों को दबोचा

देवरिया। भूमि विवाद में पट्टीदारों ने वृद्ध की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो सगे भाई समेत चार लोगों के विरुद्ध गैर इदारतन हत्या और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद छापेमारी कर अलग अलग स्थानों से चारों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

गजपुरवां गांव के रहने वाले राम नगीना यादव (65) का भूमि विवाद पट्टीदार विशुनी यादव चलता था। गुरुवार को विवादित भूमि पर रामनगीना ट्रैक्टर लेकर जुताई करने पहुंचे तो पट्टीदारों ने उनकी हत्या कर दी। मृतक के बेटे हरिकेश यादव की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने विशुनी यादव, सुभाष यादव पुत्रगण लालजी यादव, कैलाशी देवी पत्नी सुभाष, बबली पुत्री सुभाष यादव केस दर्ज किया। पुलिस ने चारों को सदर रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

दैनिक जागरण दि० - 2-7-22

# जुमे की नमाज को लेकर मुश्तैद रही पुलिस

जासं, देवरिया: जनपद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पुलिस मुश्तैद रही। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। जिला प्रशासन ने जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के इंतजाम किए थे। पुलिसकर्मी व पीएसी के जवान शहर में भ्रमणशील थे।सीओ श्रीयश त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने रेलवे स्टेशन रोड, अबूबकर नगर, तहसील रोड आदि जगहों पर पैदल मार्च किया। शहर के अबूबकर नगर में अमन गेट के पास, तहसील चौक, बसियवां, मस्जिद, न्यू कालोनी मस्जिद, लकड़ी हट्टा मस्जिद समेत अन्य स्थानों पर नमाज अदा की गई। इसके अलावा सलेमपुर, भटनी, भाटपाररानी, लार समेत अन्य स्थानों पर नमाज अदा की गई।

दैनिक जागरण दि० 2-7-22

# हत्या के आरोपित दो सगे भाई गिरफ्तार

- सदर कोतवाली के मेहड़ा पुरवा में गुरुवार की दोपहर हुई थी घटना
- पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई, गांव में तनाव का माहौल

जासं, देवरिया : भूमि विवाद में वृद्ध की फावड़ा से प्रहार कर हत्या के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से फावड़ा व लाठी भी बरामद कर लिया। हत्यारोपित दोनों सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य दो आरोपित फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मेहड़ा पुरवा गांव के रहने वाले रामनगीना यादव व उनके पट्टीदार सुभाष यादव के बीच भूमि विवाद एसडीएम न्यायालय में चल रहा है। रामनगीना यादव ट्रैक्टर लेकर खेत की जोताई कराने गए थे। इस बीच पट्टीदार सुभाष यादव व विशुनी यादव पुत्रगण लालसा यादव, कैलाशी देवी पत्नी सुभाष यादव, बबली पुत्री सुभाष यादव ने गोलबंद होकर फावड़ा व लाठी से प्रहार कर हत्या कर दी। इस मामले मृतक के पुत्र हरिकेश यादव की तहरीर पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित सुभाष यादव व उसके भाई विशुनी यादव को गिरफ्तार कर लिया, जबकि सुभाष की पत्नी कैलाशी देवी व पुत्री बबली फरार है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

पुलिस तैनात है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पुत्र की तहरीर पर चार व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रुद्रपुर में छह लोगों पर बलवा का मुकदमा दर्ज

जासं, रुद्रपुर : ग्राम खोरमा में ट्रैक्टर-ट्राली से ठोकर चहारदीवारी गिराने का विरोध कराने पर लाठी-डंडे से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। खोरमा की रहने वाली सुनैना देवी पत्नी सत्यनारायण विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था आरोपितों ने ट्रैक्टर-ट्राली की ठोकर से दरवाजे की चहारदीवारी को गिरा दिया। इसका विरोध करने गोलबंद होकर मारापीटा और लाठी-डंडे से पीटकर रोहित कुमार का पैर तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में प्रीतम चौरसिया, संजय राजकुमार, विकास ललिता देवी अंकिता देवी के विरूद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि छह आरोपितों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया गया है।

दैनिक जागरण दि०-2-7-22

# दो तस्कर गिरफ्तार, आठ गोवंश किए गए बरामद

जासं, सलेमपुर: गोवंश को लेकर बिहार जा रहे दो तस्करों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बरामद आठ गोवंश को को पशु आश्रय स्थल भेजा गया।

कोतवाली क्षेत्र के डोलछपरा गांव के समीप पिकअप पर लादकर गोवंश को बिहार ले जाया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर युवकों ने पिकअप को रोक लिया व कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पिकअप की जांच की गई तो उसमें पांच गाय व तीन बछड़े बरामद हुए। पिकअप पर बैठे दो लोगों से पूछताछ की। कोतवाली के कौड़िया मिश्र गांव के राजेश पुत्र चंदन व मईल थानाक्षेत्र के करजहां गांव के आनंद यादव पुत्र रमाशंकर यादव को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार मिश्र ने बताया की दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया है।

## तीन के विरुद्ध मुकदमा

जासं, लार: बिजली घर में घुसकर जबरिया फीडर चालू करने का दबाव बनाने व चालू न करने पर कर्मचारी की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। मऊ जनपद के कोपागंज के फिरोज़पुर के रहने वाले अमित कुमार खेमादेई बिजली घर पर कर्मचारी हैं। बुधवार की रात कौसड़ के समीप फाल्ट होने के चलते फीडर बंद था। इस बीच कुछ युवक पहुंचे और उनसे जबरिया फीडर को चालू करने के लिए कहने लगे। जब उन्होंने मना किया तो आरोपितों ने पिटाई की और कागजात फाड़ दिए। इस मामले में पुलिस ने अभरीश सिंह, भोलू सिंह व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

अमर उजाला दि० 2-7-22

# पशुओं से लदा पिकअप पकड़ा, दो गिरफ्तार

सलेमपुर। डोल छपरा गांव के समीप से पुलिस ने शुक्रवार को पशुओं से लदे एक पिकअप को पकड़ा। पिकअप में पांच गाय व तीन बछड़े लदे थे, जो बिहार जा रहे थे। पिकअप में सवार कोतवाली थाना क्षेत्र के कौड़िया मिश्र निवासी राकेश मिश्र व मईल थाने के करजहां गांव निवासी आनंद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि पशुओं से भरे पिकअप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

अमर उजाला दि० 2-7-22

# भूमि विवाद में गैर इरादतन हत्या के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा, आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मेहड़ा पुरवा में बृहस्पतिवार को भूमि विवाद में फावड़े के प्रहार से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मेहड़ा पुरवा के गदपुरवा गांव में पुरानी रंजिश में हुए विवाद में कुछ लोगों ने नगीना यादव पर फावड़ा से प्रहार कर घायल कर दिया। अस्पाताल में उनकी मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र हरिकेश की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सुभाष यादव पुत्र लालजी यादव, बिशुनी यादव पुत्र लालजी यादव, कैलाशी देवी पत्नी सुभाष यादव तथा बबली पुत्री सुभाष यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

अमर उजाला दि०-2-7-22



बरहज में शांति व्यवस्था के लिए पैदल मार्च करती पुलिस। संवाद

# उदयपुर हत्याकांड : पुलिस ने किया पैदल मार्च

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की हुई हत्या के बाद प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को जुमे की नमाज और साकेतबिहारी की रथ यात्रा के मद्देनजर अधिकारियों ने पुलिस के साथ पैदल मार्च किया। शांति कायम रखने की अपील की।

एसडीएम गजेंद्र सिंह और सीओ पंचम लाल की अगुवाई में पुलिस ने पैदल मार्च किया। जो थाना मार्ग से प्राचीन हनुमान मंदिर, मुख्य चौक, नगरपालिका, तहसील और पैना मार्ग पर भ्रमण किया। अधिकारियों ने अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए पुलिस को सोशल प्लेटफार्म पर

## अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, सोशल प्लेटफॉर्म पर बढ़ी निगरानी

उन्माद फैलाने वाले पोस्ट और कमेंट पर निगरानी भी रखने को कहा है। पुलिस के अनुसार उदयपुर में हुई हत्या, जुमे की नमाज आदि के मद्देनजर पैदल मार्च किया गया है। इस दौरान एसओ जयशंकर मिश्र, एसआई सुभाश चंद्र पांडेय, अमरनाथ सोनकर, शेषनाथ, सुनील कुमार, वीरेंद्र चौहान, छोटेलाल, राहुल, अखिलेश यादव, आशीष, सोनित शर्मा, मनोज यादव, कशिश, प्रिया, ज्योति, खुशबू, जया, सीमा, स्नेहा, अजय, मिथिलेश, मुन्ना खरवार, सूरज, अजीत आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि०-2-7-22

# रात में चोरी ट्रक सुबह चौरीचौरा में मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

## चोरी करने वालों का पता लगाया जा रहा है : कोतवाल

सलेमपुर। सलेमपुर-देवरिया मुख्य मार्ग के जमुआ नंबर दो गांव निवासी गल्ला व्यापारी के मकान पर खड़ा ट्रक बृहस्पतिवार की देर रात चोरी हो गया। शुक्रवार सुबह चौरीचौरा में लावारिस हाल में मिल गया। कोतवाल नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि चोरी करने वालों का पता लगाया जा रहा है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुआं नंबर दो गांव निवासी सुरेश गुप्ता गल्ला के थोक विक्रेता है। वह सलेमपुर देवरिया मुख्य मार्ग स्थित जमुआ नंबर दो गांव के अपने मकान से ही अपने बेटे राजकुमार गुप्ता के साथ मिलकर गल्ले का व्यापार करते हैं। रोज की तरह वह बृहस्पतिवार की शाम अपना ट्रक दरवाजे पर खड़ा करा दिए। परिवार के साथ रात में भोजन करने के बाद सभी लोग अपने अपने कमरे में सो गए भोर में जब गल्ला व्यापारी अपने मकान का गेट के खुले तो उनका ट्रक दरवाजे से गायब मिला, इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना अपने बेटे राजकुमार गुप्ता को दी। राजकुमार गुप्ता ने डायल 112 नंबर व कोतवाली पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# जुमे की नमाज पर सतर्क रही पुलिस

**कुशीनगर।** जिले में जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण माहौल में हुई। नमाज के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर जिले भर की पुलिस काफी सतर्क रही। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर जनपद के सभी थानों की पुलिस काफी सतर्क रही। जिले में कहीं कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी थानों के जिम्मेदार मातहतों से पल पल की खबर लेते रहे। शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा होने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली।

# साइबर अपराध के बारे में जागरूक करेंगे बोर्ड

## जागरूकता की कमी के कारण आमजन हो रहे शिकार, पीड़ित को शिकायत दर्ज कराने में भी परेशानी

प्रद्युम्न कुमार शुक्ल● पडरौना

साइबर अपराध पर जागरूकता के जरिये पुलिस अंकुश लगाएगी। इसके लिए थानों में जागरूक करने वाले फ्लैक्स बोर्ड लगाए जाने के साथ साथ नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

फ्लैक्स बोर्ड पर जरूरी जानकारी के साथ ऐसी घटना घटित होने के बाद उठाए जाने वाले कदमों का उल्लेख किया गया है, ताकि पीड़ित व्यक्ति को शिकायत दर्ज कराने के लिए परेशान न होना पड़े। डीजी कार्यालय से मिले निर्देश के बाद यह कदम उठाया गया है।

कुशीनगर जिले में पांच सौ से अधिक मुकदमे साइबर अपराध से संबंधित इस वर्ष दर्ज हुए हैं। इनकी विवेचना थानों पर तैनात दारोगा ही कर रहे हैं। दारोगा किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिस नंबर से पीड़ितों के पास फोन आते हैं। उनकी लोकेशन और सीडीआर निकाली जाती है तो वह झारखंड, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली आदि स्थानों की मिलती है।

पुलिस वहां पर जाती भी है तो फर्जी आधार कार्ड पर नंबर लिया होना पाया जाता है। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए डीजी कार्यालय से थानों में जागरूकता बोर्ड लगवाने का आदेश जारी हुआ था। इसके अलावा स्कूल, कालेज तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गोष्ठी आयोजित कर साइबर एक्सपर्ट द्वारा लोगों को जागरूक किया जाए।

थानों में साइबर नोडल अधिकारी भी तैनात किए जाएं।

### बोर्ड पर अंकित है यह जानकारी

थानों में लगे बोर्ड पर ओटीपी, सीवीवी नंबर, बैंक कार्ड नंबर, इंटरनेट बैंकिंग का आइडी एवं पासवर्ड खाता नंबर आदि की जानकारी किसी भी अंजान व्यक्ति से साझा न करें। साथ ही किसी अज्ञात के कहने पर एनीडेस्क एवं क्यूएस एप डाउनलोड न करें। तथा हेल्पलाइन नंबर का उल्लेख किया गया है।

### ये बने नोडल अधिकारी

लखनऊ या फिर अन्य स्थान पर साइबर अपराध से बचाव की ट्रेनिंग ले चुके या इसके बारे में जानकारी रखने वाले पुलिसकर्मियों को थानों में नोडल अधिकारी बनाया गया है। ताकि ऐसे मामले आने पर वह तत्काल सर्विलांस से संबंधित काम कर सकें।

### इन हेल्पलाइन नंबरों पर करें संपर्क : एएसपी

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी थानों में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता के बोर्ड लगाए गए हैं। साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 112 और 1930 पर फोन करके या www.cybercrime.gov.in पर जानकारी दें, ताकि तत्काल आवश्यक कदम उठाया जा सके।

# हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने प्रतिमा पर चढ़ाया चीवर

**जागरण संवाददाता, कुशीनगर:** इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थली कुशीनगर का भ्रमण किया। यहां उन्होंने बुद्ध मंदिरों का दर्शन और पूजन वंदन करने के साथ तथागत की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया। महापरिनिर्वाण स्तूप की परिक्रमा की।



कुशीनगर महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध प्रतिमा पर चीवर चढ़ाते इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल, डीएम, एसपी व अन्य● जागरण

- मुख्य न्यायाधीश ने किया पर्यटक स्थली का भ्रमण
- महापरिनिर्वाण स्तूप की परिक्रमा की

मुख्य न्यायाधीश सुबह लगभग 11 बजे कुशीनगर पहुंचे। कुशीनगर में साढ़े चार घंटा रहने के दौरान उन्होंने भगवान बुद्ध और कुशीनगर के बारे में जानकारी ली। बुद्ध के अंतिम संस्कार स्थल पर निर्मित रामाभार स्तूप का दर्शन कर लौटते समय मुख्य न्यायाधीश ने थाई बुद्धिस्ट मोनास्ट्री भी देखा। मंदिरों का दर्शन करने के बाद वे जिला न्यायालय पहुंचे और न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उनके आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश के होटल पथिक निवास में पहुंचने पर न्यायिक, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बुके और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया।

कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष एबी ज्ञानेश्वर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण सहायक शादाब खान ने भी मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया।

इस मौके पर जिला जज अशोक कुमार सिंह, डीएम एस राजलिंगम, एसपी धवल जायसवाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों संग की बैठक

बुद्ध मंदिर कुशीनगर में पूजन-अर्चन कर मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल जिला मुख्यालय स्थित दीवानी न्यायालय पहुंचे। न्यायालय सभागार में उन्होंने जिला जज अशोक कुमार सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों संग बैठक की। लगभग 10 मिनट तक चली बैठक के पश्चात वे सभागार से बाहर निकले और पुन: कुशीनगर के लिए चल दिए। मुख्य न्यायाधीश की सुरक्षा को लेकर परिसर में विशेष इंतजाम रहा।

# पुलिस थानों में बनेगा ई-मालखाना, सुरक्षित रहेंगे सुबूत

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना (कुशीनगर)।** थानों के मालखानों में जमा सुबूतों की निगरानी अब आधुनिक तरीके से होगी। थानों के हेड मुहर्रिर को रजिस्टर में लिखा पढ़ी से निजात दिलाने की कवायद शुरू की गई है। थानों में जिस तरह से प्राथमिक दर्ज करने की व्यवस्था ऑनलाइन की गई है, उसी तरह से मालखानों का रिकॉर्ड भी एक बटन दबाते ही उपलब्ध हो जाएगा।

यह सबकुछ जल्द ही थानों में ई-मालखाना मैनेजमेंट सिस्टम से शुरू हो जाएगा। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

इससे मालखानों का रिकार्ड खंगालने में दिक्कत नहीं होगी। मुकदमों से संबंधित हर माल की निगरानी में आसानी होगी।

### बरामद माल की जानकारी का डाटा होगा तैयार

किसी भी घटना चोरी, डकैती, लूट, हत्या सहित अन्य मामलों में पुलिस सबूत जुटाती है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी पर उनके पास से बरामद अवैध सामग्री को भी थानों के माल मुकदमाती रजिस्टर में दर्ज करे मालखाना में सुरक्षित रख दिया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर उसे कोर्ट में पेश किया जाता है। कोर्ट में प्रक्रिया पूरी होने के बाद बरामद माल को नष्ट करने के संबंध में कार्रवाई होती है।

ऐसे में कई साल तक थानों के मालखानों में बरामद माल पड़े रहते हैं। इससे मालखाना का चार्ज संभालने वाले हेड मुहर्रिर को कई दिनों तक लिखा-पढ़ी करनी पड़ती है। इसलिए उत्तर प्रदेश में सभी थानों के मालखानों को ई-मालखाना मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़ने की कवायद हुई है। इसका फायदा आमजन को भी मिल सकेगा। इससे थानों में जमा माल के बदलने का खतरा नहीं रहेगा। पुलिस के साथसाथ अन्य लोग इसका रिकार्ड जान सकेंगे। चार्ज बदलने के दौरान मालखाना मुंशी को भी आसानी होगी।

*पुलिस विभाग को नए संसाधनों से लैस करने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में कार्यवाही की जा रही है। इसका फायदा होगा कि मालखाना की पूरी जानकारी पलभर में उपलब्ध हो जाएगी। जल्द ही सभी थाने इस प्रक्रिया से जुड़ जाएंगे।*

**- धवल कुमार,** एसपी कुशीनगर

# पांच साल में बरामद शराब को कराया नष्ट



थाना परिसर में गड्ढे को खोदकर शराब को नष्ट कराती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/कसया।** जिले के थानों में बरामद शराब को नष्ट कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कोर्ट के आदेश पर पांच साल के भीतर बरामद अंग्रेजी, देसी व कच्ची शराब, बीयर को नष्ट किया जाएगा। बृहस्पतिवार देर शाम कसया पुलिस ने थाना परिसर में 52 लाख रुपये कीमत की शराब को मिट्टी खोदकर नष्ट कराया।

एसपी धवल जायसवाल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब का निस्तारण कराकर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। पंजाब और हरियाणा में बनी शराब की तस्करी फोरलेन से बिहार तक होती है। वर्ष 2017 से 2022 तक पुलिस ने 791 मुकदमे दर्ज करते हुए बड़ी मात्रा में शराब की बरामदगी की है। पांच साल के भीतर करीब 52 लाख 20 हजार रुपये की शराब पकड़ी गई थी।

कोर्ट के आदेश पर सीओ कसया पीयूष कांत राय, सहायक अभियोजन अधिकारी दूधनाथ, प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में थाना परिसर में जेसीबी से गड्ढा खोदकर शराब को दबा दिया गया।

# मुख्य न्यायाधीश ने भगवान बुद्ध का किया दर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया (कुशीनगर)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने शुक्रवार को कुशीनगर में भगवान बुद्ध का दर्शन किया। भगवान बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया व स्तूप का भ्रमण कर प्राचीनता व ऐतिहासिकता के बारे में जानकारी हासिल की।

मुख्य न्यायाधीश का काफिला मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन के बाद रामाभार स्तूप पहुंचा। यहां उन्होंने स्तूप की परिक्रमा कर बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए इस स्थल के महत्व को जाना।

उन्हें दर्शनीय स्थलों की जानकारी गाइड डॉ. अभय राय दे रहे थे। थाई मोनास्ट्री की देखरेख में

## चीवर चढ़ाया व स्तूप का भ्रमण किया

संचालित थाई मंदिर का भी भ्रमण किया। यहां मंदिर में हुए नक्काशी व भगवान बुद्ध की अलग-अलग मुद्राओं में प्रतिमाओं को देखा। कसया पहुंचने पर मुख्य न्यायाधीश का अधिकारियों ने स्वागत किया।

इसके पूर्व होटल पथिक निवास में मुख्य न्यायधीश को गार्ड ऑफ ऑनर दी गई।

इस मौके पर जिला न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह, डीएम एस. राजलिंगम, एसपी धवल जायसवाल, कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष एबी ज्ञानेश्वर, भंते अशोक, संरक्षण सहायक शादाब खान, एसडीएम भावना सिंह आदि मौजूद रहीं।



पूजा-अर्चना कर मंदिर से बाहर आते इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल व अन्य लोग। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# हत्या में एक को उम्रकैद दूसरे को 10 साल की सजा

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। सदर कोतवाली क्षेत्र के जंगल किनारे धंगरहवा गांव के सिवान में वर्ष 1996 में दिनदहाड़े लाठी-डंडों से पीटकर हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को सजा सुना दी है।

हरिश्चन्द्र की हुई हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर अभियुक्त रामचन्दर को आजीवन कारावास व सह अभियुक्त श्रीपत को दस वर्ष के कारावास की सजा के साथ कुल 70 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करने का आदेश अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर चार रेखा सिंह ने पारित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने बताया कि जंगल फरजंद अली थाना सदर कोतवाली निवासी मुराली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 सितंबर-1996 को दिन में 11 बजे वादी, हरिश्चन्द्र, कैलाश व रमेश धंगरहवा सिवान में जंगल के किनारे थे। इसी बीच रामचन्दर व हरिकेश यादव जंगल से सागौन की लकड़ी काटकर ला रहे थे। श्रीपत ने जान से मारने की नीयत से फायर किया। राजू, रामचन्द्र व हरिकेश ने मिलकर हरिश्चन्द्र को लाठी-डंडे से पीटा और भाग गए। तत्कालीन विवेचनाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया।

# पिटाई से घायल युवक की मृत्यु, एक गिरफ्तार

**जासं, सिंदुरिया:** फोन पर बात करने को लेकर शुक्रवार को बेलवां गांव में युवती के स्वजनों की पिटाई से घायल रितेश साहनी की गोरखपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही दो आरोपितों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया है।

आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने रितेश को गांव के बाहर बुलाया और अपने घर की युवती से बात करने की बात कह उसकी पिटाई कर दी। आस-पास के लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव किया। पिटाई से सिर में गंभीर चोट आने के कारण देर शाम उसकी तबीयत बिगड़ गई। स्वजन उसे केएमसी हास्पिटल ले गए, वहां चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। स्वजन उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर न ले जाकर वहीं एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां शुक्रवार को सुबह 10 बजे उसकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव ने बताया कि रंभू व बिरजू के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए रंभू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

**नौतनवा :** पुलिस ने शुक्रवार को बनैलिया मंदिर चौराहे से गैंगस्टर के आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार युवक श्यामलाल निवासी चड़लहा की एक माह से तलाश चल रही थी। सूचना मिलते ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। (जासं)

## वारंटी दंपती गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**नौतनवा :** पुलिस ने विभिन्न मामलों के वारंटी दंपति दिलीप व पूनम र निवासी उस्मान नगर को नौतनवा कस्बा से गिरफ्तार कर लिया। उन्हे जेल भेज दिया गया। (जासं)

# गांव में आयोजित होगा समाधान दिवस, बांटी गई जिम्मेदारी

**जासं, महराजगंज:** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने संयुक्त रूप से ग्राम सभा की शिकायतों को गांव पर ही सुनने के लिए एक अनूठी पहल की शुरूआत की है। इसके लिए जिला प्रशासन ने प्रत्येक गांव पर ही ग्राम समाधान दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक गांव के रोजगार सेवक, सचिव, लेखपाल और बीट सिपाही को जिम्मेदारी भी बांट दी गई है। गांव स्तर पर शिकायतों का निस्तारण कर टीम को उसकी आख्या पोर्टल पर अपलोड करनी होगी, जिसकी निगरानी जिला स्तर से की जाएगी।

ग्राम समाधान दिवस में संपूर्ण समाधान दिवस की तर्ज पर ग्राम पंचायत से जुड़े सभी कर्मचारी जैसे- लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव, कानूनगो, बीट कांस्टेबल, पंचायत सहायक, रोजगार सहायक आदि पूरे दिन बैठकर आने वाली शिकायतों का निस्तारण करेंगे। इसके लिए पंचायत भवन पर 'ग्राम पंचायत शिकायत पंजिका' को रखा जाएगा, जिसमें उस दिन आए सभी शिकायतों को अंकित किया जाएगा। संबंधित कर्मचारी के द्वारा शिकायत की एक प्रति पंचायत भवन पर रखी जाएगी और निस्तारण आख्या को उसके साथ संलग्न कर पत्रावली में रखा जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राम समाधान दिवस में मुख्य रूप से निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे त्वरित निस्तारण योग्य मामलों में कर्मचारी द्वारा निर्णय लेकर लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। जबकि जटिल शिकायतों के संदर्भ में कर्मचारी संबंधित अधिकारी को अवगत कराते हुए, शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा

**जासं महराजगंज:** 26 वर्ष पूर्व सदर कोतवाली के जंगल किनारे धंगरहवा गांव में दिनदहाड़े लाठी-डंडों से पीटकर हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को दो लोगों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। हरिश्चन्द्र की हुई हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त रामचन्दर को आजीवन कारावास तो वहीं सह अभियुक्त श्रीपत को 10 वर्ष के कारावास की सजा के साथ कुल 70 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर चार रेखा सिंह ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की धनराशि अदा नहीं करने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भोगनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने बताया कि जंगल फरजंद अली थाना सदर कोतवाली निवासी मुराली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि 18 सितंबर-1996 को दिन में 11 बजे वादी, हरिश्चन्द्र, कैलाश व रमेश धंगरहवा में जंगल के किनारे थे। इसी बीच रामचन्दर व हरिकेश यादव जंगल से सागौन की लकड़ी काटकर ला रहे थे। उन लोगों ने रोका तो गाली-गुप्ता देने लगे। शोर मचाने पर उनके साथ श्रीपत निवासी धंगरहवा अपने हाथ में तमंचा लेकर व राजू लाठी लेकर आ गए। श्रीपत ने जान से मारने की नीयत से फायर किया जो मिस हो गया। राजू, रामचन्द्र व हरिकेश ने मिलकर हरिश्चन्द्र को लाठी-डंडे से पीटा और भाग गए। तत्कालीन विवेचनाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने आरोप पत्र प्रेषित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने आठ गवाही कराकर सजा की मांग की।

# कड़ी सुरक्षा के बीच पढ़ी गई जुमे की नमाज

## उदयपुर की घटना को लेकर सतर्क रही पुलिस, भ्रमण करते रहे प्रशासनिक अधिकारी



महराजगंज नगर में नमाज पढ़ते लोग ● जागरण



मस्जिद के बाहर तैनात पुलिसकर्मी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। राजस्थान के उदयपुर की घटना को देखते हुए प्रशासन अलर्ट रहा। पुलिस कार्यालय के मुताबिक शांति व्यवस्था बनी रही, कही से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। नगर के सिविल लाइन स्थित नूरी जामा मस्जिद और नगर के सक्सेना चौक स्थित रजा जामा मस्जिद में कोतवाली पुलिस की उपस्थिति में लोगों ने नमाज अदा की। सदर कोतवाल रवि राय, एसआई अजीत कुमार सिंह, रामआशीष, राजेश आदि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नमाज अदा करने तक तैनात रहे।

नगरपालिका क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित नूरी जामा मस्जिद में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जुमे की नमाज अदा की। इस दौरान मो. जावेद अहमद ने लोगों को जुमे की नमाज पढ़ाई। वहीं मौलाना अमजद अली ने तकरीर की। इस दौरान उन्होंने समाज में शांति कायम रखने के लिए लोगों से अपील की। कहा कि हर त्योहार में हिंदुओं का काफी सहयोग मिलता है। ऐसे में मुस्लिम भाइयों को भी शांतिपूर्वक तरीके से नमाज पढ़ना चाहिए। शमशुल हुदा खां, आफताब आलम, हाजी सैफुदोजा, मास्टर सदरे आलम, हाफिज सेराउद्दीन, आदि मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर सदर एसडीएम मो. जसीम ने भी पुलिस फोर्स के साथ तहसील क्षेत्र का निरीक्षण किया। शहर के अलावा निचलौल, आनंदनगर, नौतनवा, परतावल समेत अन्य स्थानों पर भी शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई।

# सीओ के निर्देश पर एक माह बाद दर्ज हुआ केस

## महिला के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने, मारपीट का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

नौतनवां। कस्बे के महेंद्र नगर वार्ड में गत एक माह पूर्व हुए मारपीट के मामले में सीओ अनुज कुमार सिंह के निर्देश पर नौतनवां पुलिस महिला सुमित्रा द्वारा मिली तहरीर के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

सुमित्रा ने बताया कि एक माह पूर्व 22 मई की शाम करीब 5 बजे मोहल्ले का ही एक युवक शराब के नशे में उनके देवर सूरज को गालियां देते हुए मारने-पीटने लगा। आरोप है कि जब महिला ने इसका विरोध किया तो उक्त युवक ने उन्हें भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली दी और लोहे की रॉड से उनके सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। महिला का कहना है कि मामले में उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन एक माह का समय बीत जाने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने सीओ को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी दीपक कसौधन उर्फ टाइगर निवासी महेंद्र नगर कस्बा नौतनवां के खिलाफ मारपीट, धमकी एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या में एक को आजीवन दूसरे को 10 वर्ष की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के घंगरहवा के सिवान में जंगल से सटे कुछ लोगों ने दिनदहाड़े लाठी-डंडों से पीटकर हरिश्चंद्र की हत्या कर दी थी। इस मामले में दोष सिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त रामचंद्र को आजीवन कारावास एवं अभियुक्त श्रीपत को 10 वर्ष कारावास के साथ 70 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है। यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश रेखा सिंह ने पारित किया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के मुताबिक 18 सितंबर वर्ष 1996 को सदर कोतवाली क्षेत्र के जंगल फरजंद अली निवासी मुराली ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हरिश्चंद्र, कैलाश और रमेश घंगरहवा गांव के सिवान में जंगल से सटे खड़े थे। इसी बीच रामचन्द्र और हरिकेश जंगल से लकड़ी काटकर ला रहे थे। उन्हें रोकने पर दोनों के साथी श्रीपत निवासी घंगरहवा तमंचा और राजू लाठी-डंडा लेकर पहुंचे। श्रीपत ने जान से मारने की नीयत से फायर किया लेकिन श्रीपत के निशाने से वे लोग बच गए। उसके बाद राजू, रामचंद्र और हरिकेश एक साथ मिलकर लाठी-डंडों से हरिश्चंद्र को मार कर फरार हो गए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने हरिश्चंद्र की पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश ने की। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने आठ गवाहों को प्रस्तुत कर आरोपियों के खिलाफ सजा की मांग की।

## 1996 में दिनदहाड़े लाठी-डंडों से पीटकर की गई थी हत्या

इस मामले में न्यायाधीश ने अभियुक्त रामचन्द्र को आजीवन कारावास तथा श्रीपत को 10 वर्ष के कारावास के साथ 70 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं दो अभियुक्त हरिकेश और राजू की मुकदमा के दौरान मौत हो गई। ये दोनों भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवंगत रविन्द्रनाथ तिवारी हत्याकांड के अभियुक्त रहे। मृतक हरिश्चंद्र उक्त मुकदमे में गवाह रहा। न्यायालय द्वारा अपने विस्तृत फैसले में उक्त सजा सुनाई गई है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# चौकी प्रभारी के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

**बस्ती :** कलवारी थाने के गायघाट पुलिस चौकी प्रभारी रहे राम वशिष्ठ का स्थानांतरण जिले में छह वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर संत कबीरनगर जनपद हो गया है। शुक्रवार को गायघाट कस्बावासियों ने उन्हें माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी। लोगों ने उनके कार्यकाल को अच्छा बताया। इस दौरान डा. संजय चौधरी, राकेश अग्रहरि, दीपक जायसवाल, विनोद सोनकर, गुड्डू उर्फ रामकृपाल, सोनू अग्रहरि आदि मौजूद रहे। वहीं लालगंज थाने पर सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक राममिलन पांडेय को साथियों ने विदाई दी। लालगंज दिलीप कुमार सिंह सहित अन्य उपनिरीक्षकों व पुलिस कर्मियों ने उन्हें अंग वस्त्र, छाता, छड़ी व धार्मिक ग्रंथ आदि भेंटकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। उपनिरीक्षक आशुतोष शुक्ला, अवधेश पांडेय, सूर्यभान यादव, स्वीकृति मिश्रा, प्रिया मिश्रा, अवधेश कुमार, सचिन मिश्रा, फूलचंद यादव आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे। (जासं)

# हर्रैया में आज डीएम सुनेंगी पीड़ितों की समस्याएं

**बस्ती:** शनिवार को जिले की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।हर्रैया में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में सुबह 10.00 बजे से पीड़ितों की समस्याएं सुनी जाएंगी। उक्त जानकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम हर्रैया अमृत पाल कौर ने दी। बताया कि इसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। तहसील बस्ती सदर में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील रुधौली में अपर जिलाधिकारी एवं तहसील भानपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।(जासं)

# दहेज में एक लाख की मांग, छह पर मुकदमा

**जासं, बस्ती** : दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में नगर पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली शायरा बानो ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी सोनहा थाना के नरखोरिया निवासी इरफान के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीकठाक रहा, मगर बाद में उसके पति इरफान, सास, ससुर सहित अन्य छह ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। सुसराल वालों ने दहेज में एक लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर उन्हें प्रताड़ित कर मारापीटा गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपितों के पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।



# तीन थानों के 10 आरोपी गैंगस्टर के तहत पाबंद

**बस्ती।** अलग-अलग तीन थाने की पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में लिप्त पाए जाने वाले 10 आरोपियों के खिलाफ यूपी गिरोह बंद एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

इस क्रम में हर्रैया पुलिस ने राज सिंह निवासी खम्हरिया सुजात थाना हर्रैया, रोहित उर्फ लल्ला निवासी महुघाट थाना हर्रैया, विपिन वर्मा निवासी बरगदवा माफी थाना हर्रैया, राजेश कुमार उर्फ मोनू सिंह निवासी बरगदवा माफी थाना हर्रैया, अमर सिंह निवासी खम्हरिया सुजात थाना हर्रैया और नीरज पांडेय निवासी बड़हर कला थाना हर्रैया पर यह कार्रवाई की है। छावनी पुलिस ने बीरे निषाद व राजू निवासी तालागांव थाना छावनी के अलावा सोनहा पुलिस ने आभास कुमार उर्फ सर्वेन्द्र निवासी परसा कुतुब थाना सोनहा, जितेंद्र सिंह निवासी खैरा थाना सोनहा को गिरोहबंद अधिनियम के तहत पाबंद किया है। संवाद

# लालगंज थाने में सेवानिवृत्त दरोगा को दी गई विदाई

**बनकटी।** लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना भवन में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक राम मिलन पांडेय को अंग वस्त्र, गुलदस्ता, छाता, छड़ी व धार्मिक ग्रंथ आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। थानाध्यक्ष ने अंगवस्त्र भेंट करते हुए कहा कि सेवा शुरू करने के दिन ही सेवानिवृत्त का दिन निश्चित हो जाता है। सेवाकाल के दिनों में हमारे किए गए कार्यों से ही हमारी पहचान रह जाती है। उपनिरीक्षक आशुतोष शुक्ला, अवधेश पांडेय, सूर्यभान यादव, दिनेश चंद मिश्रा, राम अशीष यादव ने उनके कार्यों की सराहना की। संवाद

# नशे में हंगामा करने पर मुकदमा

बस्ती। मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि गांव का रहने वाला तेजबहादुर अक्सर उन्हें देखकर अश्लील फब्तियां कसता है।

26 जून को शराब के नशे में उसे अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तेज बहादुर समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# एक लाख रुपये दहेज मांगने पर छह ससुराली नामजद

नगर बाजार (बस्ती)। नगर पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर ,देवर व ननद सहित छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी शार्या बानो पुत्री फिदा हुसैन ने नगर पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी सोनहा थाना क्षेत्र के ग्राम नरखोरिया निवासी इरफान के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा लेकिन उसके बाद पति इरफान,ससुर मोहम्मद पहीश, सास किस्मतुन्निशा, ननद मुस्कान, देवर रिजवान व इमरान दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। यह लोग एक राय होकर मार पीट कर एक लाख रूपये दहेज मांगने लगे। जबकि शादी में पिता ने अपने सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुराल पक्ष के लोग मांग करने लगे और दहेज लाने का दबाव बनाने लगे। न दे पाने के वजह से मार पीट कर आए दिन प्रताड़ित करने लगे। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाच कर रही है। संवाद

# शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का आदेश अधूरा

## नगर पालिका के नोटिस के बावजूद मालवीय मार्ग पर दम तोड़ रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की गति धीमी पड़ गई है। शहर के कुछ इलाकों की पटरियों पर लगे ठेले व अस्थायी अतिक्रमण को हटा दिया गया, मगर अब भी मालवीय मार्ग पर अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। हालांकि नगर पालिका की ओर से नोटिस दिए गए हैं लेकिन अतिक्रमणकारी बेअसर नजर आ रहे हैं। जबकि नगर पालिका ने छिटपुट कार्रवाई करने के बाद चुप्पी साध रखी है। लिहाजा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का ख्वाब अभी तक अधूरा है।

रोडवेज के नेहरू तिराहा से सुभाष तिराहा तक करीब तीन किलोमीटर मार्ग की दोनों पटरियों पर अतिक्रमण है। इस तिराहे की एक ओर की पटरियों पर व्यावसायिक संस्थाओं की पार्किंग है तो दूसरी ओर जिले के विभिन्न क्षेत्रों की ओर जाने वाले वाहनों का स्टैंड बना है। यहां अक्सर जाम लगता है। इसके आगे सड़क पर ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने सामान आदि रखकर कब्जा जमा लिया है। यह सिलसिला रंजीत चौराहे तक है। इसके बाद कार रिपेयरिंग की दुकानें हैं, जो पटरी ही नहीं सड़क पर वाहन खड़ी कर उसे बनाते हैं। इससे दोनों पटरियों पर दिन भर अस्थायी कब्जा हो जाता है और सड़क सिकुड़ जाती है।




मालवीय मार्ग पर रोडवेज तिराहे के पास फुटपाथ पर अतिक्रमण। संवाद

रंजीत चौराहे से पहले भवन निर्माण सामग्री की दुकानें सड़क पर ही मोरंग व बालू गिरवा देते हैं, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। वहीं, रौता चौराहे की तो बिजली दफ्तर से लेकर बैरिहवां तक अतिक्रमण के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है। दोनों पटरियों पर शाम होते ही ठेले लग जाते हैं जिससे आवागमन बाधित होता है। यहां सड़क पर चलना मुश्किल होता है। यही हाल बैरिहवां चौराहा से लेकर सुभाष चौक तक का है। पटरियों तक वाहन की पार्किंग है तो दिन भर सड़क पर जाम रहता है। इन सभी को नगर पालिका ने नोटिस दिया है, मगर इसका कोई असर नहीं नजर आ रहा है।

***पिछले दिनों हटा था अस्थायी कब्जा :*** नगर पालिका ने करीब एक पखवाड़े पहले यहां रौता चौराहे से लेकर बिजली आफिस तक के अस्थायी अतिक्रमण हटवा दिए थे, मगर उनके जाने के बाद फिर से स्थिति वही हो गई है। दोनों पटरियों पर ठेला व टंकी रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है।

### बोले, ईओ

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान समाप्त नहीं हुआ है। यह क्रम लगातार जारी रहेगा। मालवीय रोड पर अस्थायी अतिक्रमणकारियों को भी नोटिस दिया गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा।

# महिला से मंगलसूत्र लेकर भागने वाला टप्पेबाज गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## सीओ ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी, टप्पेबाज के कब्जे से सवा किलो गांजा जब्त

**पैकोलिया (बस्ती)।** प्रधानमंत्री आवास दिलाने का सब्ज बाग दिखाकर महिला से रुपये व मंगल सूत्र लेकर चंपत हुए टप्पेबाज को पैकोलिया पुलिस ने शुक्रवार को धर दबोचा। पकड़े गए टप्पेबाज के कब्जे से सवा किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक महिला का मंगलसूत्र उसने बेच दिया है।

सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने हर्रैया स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि शुक्रवार को सुबह 10.10 बजे हर्रैया मार्ग पर भीटी मिश्र नहर पुलिया के पास से थाना पैकोलिया पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने को शिव कुमार निवासी उमरहर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर बताया। वह थाने का टापटेन अपराधी भी है।

घटनाक्रम के मुताबिक छह मई को इसी थानाक्षेत्र के भीटी मिश्र निवासी आरती देवी पत्नी महेश चौहान ने पैकोलिया थाने पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसने बताया कि वह अपने घर सेहरैया के लिए पैदल जा रही थी। अचानक एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पहुंचा और हर्रैया जाने का रास्ता पूछने लगा। इसी बहाने उसने मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। स्वयं को गांव का सेक्रेटरी बता कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा दिलाने का झांसा दिया और बहला-फुसलाकर महिला से रुपये व मंगलसूत्र लेकर भाग गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

इसी बीच मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर शिवकुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश कुमार पांडेय, एसआई जितेंद्र कुमार द्विवेदी, हेडकांस्टेबल श्याम सुंदर चौधरी, कांस्टेबल सुनील निषाद शामिल रहे।

# 3 थानों में 10 पर लगा गैंगस्टर

बस्ती। जिले अलग-अलग तीन थानों की पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपित दस के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार छावनी पुलिस ने बीरे निषाद व राजू निवासी तालागांव थाना छावनी को गैंगस्टर एक्ट में पाबंद किया है। वहीं सोनहा पुलिस ने आभास कुमार, परसा कुतुब थाना सोनहा और जितेंद्र सिंह निवासी खैरा थाना सोनहा पर गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। हर्रैया पुलिस ने राज सिंह निवासी खम्हरिया सुजात थाना हर्रैया, रोहित उर्फ लल्ला निवासी महुघाट थाना हर्रैया, विपिन वर्मा निवासी बरगदवा माफी थाना हर्रैया, राजेश मोनू सिंह निवासी बरगदवा माफी थाना हर्रैया, अमर सिंह निवासी खम्हरिया सुजात थाना हर्रैया व नीरज पांडेय पर हर्रैया पर गैंगस्टर लगा है।

# दहेज में मांगे एक लाख पति समेत 6 पर केस

बस्ती। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में नगर पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी शार्या बानो पुत्री फिदा हुसैन की शादी सोनहा थाना क्षेत्र के ग्राम नरखोरिया निवासी इरफान के साथ हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक रहा लेकिन उसके बाद पति इरफान, ससुर मोहम्मद रहीश, सास किस्मतुन्निशा, ननद, देवर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में एक लाख रुपये की डिमांड करने लगे। जबकि शादी में पिता ने अपने सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज दिया था।

# शांति से अदा की गई जुमे की नमाज

मानिकचंद/बस्ती। शुक्रवार को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। शहर से लेकर गांव तक मस्जिदों के पास पुलिस की मुस्तैदी दिखी। आला अधिकारियों ने भी नमाज के दौरान सक्रिय रहकर नजर बनाए रखी। वाल्टरगंज व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में शांतिपूर्वक ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने देश के अमन और चैन की दुआएं मांगी गई। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कनैली, परसा जाफर, सोनहटी बुजुर्ग, रसूलपुर, पुरैना, सिहारी तथा वाल्टरगंज क्षेत्र के जमदाशाही, पुरैना सहित अन्य गांव की मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई।



पैकोलिया थाने पर शुक्रवार को टप्पेबाजी की घटना का खुलासा करते सीओ हर्रैया और थानाध्यक्ष। ● हिन्दुस्तान

# महिला का मंगलसूत्र लेकर फरार टप्पेबाज को दबोचा

- सीओ ने पैकोलिया थाने पर धरपकड़ की दी जानकारी
- खुद को सेक्रेट्री बता आवास दिलाने का दिया था झांसा
- थाने का टॉप 10 आरोपी है सीतापुर का शिवकुमार

बस्ती/ पैकोलिया, हिन्दुस्तान टीम। पैकोलिया पुलिस ने महिला से मंगलसूत्र लेकर फरार हुए टप्पेबाज को दबोच लिया है। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय व थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने शुक्रवार को धरपकड़ की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास दिलाने का झांसा देकर महिला से नगदी व मंगल सूत्र लेकर चंपत हुए टप्पेबाज को पकड़ लिया गया है। वह थाने का टॉप 10 आरोपी है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे हर्रैया मार्ग पर भीटी मिश्र नहरपुलिया के पास से आरोपी शिव कुमार निवासी उमरहर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया गया। छह मई 2022 को इसी थाना क्षेत्र के भीटी मिश्र निवासी आरती देवी पत्नी महेश चौहान ने पैकोलिया थाने पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि वह अपने घर से हर्रैया के लिए पैदल जा रही थी। तभी एक बाइक सवार व्यक्ति पहुंचा और हर्रैया जाने का रास्ता पूछने लगा। इसी बहाने उसने बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद महिला को बताया कि वह गांव का सेक्रेटरी है। प्रधानमंत्री आवास का पैसा दिलाने का झांसा दिया और इसी बहाने महिला से रुपये व मंगलसूत्र लेकर भाग निकला था।

## 2010 में कूटरचित अभिलेखों के सहारे हासिल की थी नौकरी

# 12 साल से नौकरी कर रहे फर्जी शिक्षक पर केस

**शिकंजा**

बस्ती, निज संवाददाता। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूल में दूसरे के अभिलेखों पर फर्जी तरीके से सहायक अध्यापक बन 12 साल तक नौकरी करने वाले शख्स पर मुंडेरवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीएसए ने आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर खंड शिक्षा अधिकारी गौर को वेतन रिकवरी और मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया था। एसटीएफ की जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था। बीएसए कार्यालय के अनुसार जिले के सांऊघाट ब्लॉक के परिषदीय कंपोजिट विद्यालय खझौला में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत राजेश कुमार का सहायक अध्यापक पद पर चयन 2010 में हुआ था। एसटीएफ स्तर से कराई जांच में यह बात सामने आई कि राजेश कुमार ने किसी दूसरे के अभिलेखों का प्रयोग कर नौकरी हासिल की है।

इसी नाम के असली शिक्षक राजेश कुमार अयोध्या जनपद में मिल्कीपुर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरेन्द्र भदा में कार्यरत हैं। उनके ही अभिलेखों का गलत तरीके से इस्तेमाल कर बस्ती में तैनात फर्जी अध्यापक ने 2010 की भर्ती नौकरी हासिल कर ली है।

जांच रिपोर्ट में फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद पूर्व बीएसए जगदीश शुक्ल ने सांऊघाट ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय खझौला में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत राजेश कुमार को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने की नोटिस जारी किया था। अब बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है। बीएसए कार्यालय के अनुसार अभिलेख में फर्जी शिक्षक ने अपना पता संतकबीरनगर जिले के महुली थानांतर्गत जमीरा सतहरा दर्ज किया है। बीएसए ने आरोपी प्रधानाध्यापक की सेवा समाप्त करने के साथ ही वेतन रिकवरी का आदेश दिया। बीईओ सीपी प्रसाद की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



- सांऊघाट ब्लॉक के खझौला कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत था राजेश कुमार
- एसटीएफ की जांच में हुआ खुलासा, संतकबीरनगर का पता अभिलेख में है दर्ज

> एसआईटी स्तर से कराई गई जांच में पता चला कि जिले के सांऊघाट ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय खझौला में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत राजेश कुमार ने फर्जी अभिलेख पर नौकरी हासिल की है। इस नाम के असली शिक्षक अयोध्या में मिल्कीपुर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरेन्द्र भदा में कार्यरत हैं। शिक्षक को बर्खास्त करने के बाद उसके खिलाफ मुंडेरवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।
>
> **इन्द्रजीत प्रजापति**, बीएसए बस्ती

# नगर थाना परिसर में किया गया पौधारोपण

**गोटवा, बस्ती :** नगर पुलिस ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस व भारतीय वन महोत्सव के अवसर पर थाना परिसर में पौधारोपण किया। शुक्रवार को एसबीआइ के 67वें स्थापना दिवस पर थाना परिसर में एसबीआइ नगर खास के बैंक मैनेजर यशवीर कुमार व फील्ड आफिसर राकेश कुमार यादव, सहायक प्रबंधक सचिन वर्मा, शशि सुमन व थानाध्यक्ष नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने पौधारोपण किया। (जासं)

# लूट मामले में डीजीपी से निष्पक्ष विवेचना कराने की मांग

**भानपुर, बस्ती:** सोनहा थाना क्षेत्र के दरियापुर टोला विचऊपुर निवासी शिवराम पुत्र शिव बहादुर ने पुलिस महानिदेशक सहित अन्य अधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर विवेचक पर पक्षपातपूर्ण विवेचना का आरोप लगाया है। पीड़ित द्वारा विवेचक बदलने व मामले की सीबीसीआइडी से जांच कराने की मांग की गई है।

शिवराम का कहना है कि वह बरात जा रहा था। इसी बीच बड़ोखर बाजार के पास कुछ लोगों ने उसे रोक लिया व उसके साथ मारपीट व लूटपाट की। मामले में उसके गांव के ही शैलेष व अखिलेश सहित दो अन्य लोगों के विरुद्ध मारपीट व लूट का मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले की विवेचना उप निरीक्षक राकेश कुमार द्वारा किया गया। पीड़ित का कहना है कि 20 मई 2022 को घटना से संबंधित साक्ष्य व गवाह लेकर वह पुलिस अधीक्षक से मिला था। उन साक्ष्यों को विवेचक को उपलब्ध भी करा दिया गया। विवेचक ने जान बूझकर साक्ष्यों को केस डायरी में सम्मिलित नहीं किया न ही उनसे या गवाहों से कोई बयान लिया गया। आरोपितों को बचाने के लिए मुकदमे से गंभीर धाराओं को निकाल दिया गया।

**पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से शिकायत:** भानपुर, बस्तीः सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने आरोप लगाया है कि उसके साथ गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दुराचार किया गया। शिकायत करने पर सोनहा पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़िता द्वारा इस संबंध में पुलिस अधीक्षक समेत अन्य उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर दोषी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने व स्वजनों के जान माल की सुरक्षा की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि गांव का ही एक व्यक्ति शराब पीकर उसके साथ काफी समय से छींटाकशी करता था। इस बात की शिकायत उसने उसके पिता से भी की थी। गत 29 मई की रात में वह अपने छोटे बच्चे के साथ सोई थी। घर पर कोई मौजूद नहीं था। इस बात का फायदा उठाते हुए वह घर में घुस गया व उसके साथ दुराचार किया। शोर मचाने पर गांव के तमाम लोग जुट गए व बीच बचाव किया। पीड़िता का कहना है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की।

# गांजा के साथ टप्पेबाज गिरफ्तार

## टापटेन अपराधी है शिवकुमार बभनान-हर्रैया मार्ग पर दबोचा गया

- भीटी मिश्र गांव की रहने वाली आरती को झांसा देकर मंगलसूत्र ले लिया था
- पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को कर रही थी तलाश

**जासं, पैकोलिया, बस्ती :** शुक्रवार की सुबह पैकोलिया पुलिस ने टप्पेबाजी के एक आरोपित को गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। वह टापटेन अपराधी बताया गया है।

पैकोलिया थाने के उपनिरीक्षक जितेंद्र द्विवेदी अपनी टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच सूचना मिली कि बभनान-हरैया मार्ग पर भीटी मिश्र स्थित नहर की पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे धर दबोचा। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान शिवकुमार यादव निवासी उमरहर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर के रूप में हुई। उसके पास से पुलिस ने 1250 ग्राम गांजा बरामद किया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया मई माह में आरोपित शिवकुमार ने पैकोलिया थाना क्षेत्र के भीटी मिश्र गांव की रहने वाली आरती देवी पत्नी महेश चौहान को झांसा देकर टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया था। उसने भीटी मिश्र पहुंचकर आरती से कहा था कि वह उनके गांव का सेक्रेटरी है। उनके आवास का पैसा आया है। उनके साथ चलकर रकम निकाल लें। आरोपित की बात पर विश्वास करके वह उसकी बाइक पर बैठ गईं। नाल्हीपुर ओवरब्रिज के पहले उसने उनका मंगलसूत्र ले लिया। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इसी बीच शुक्रवार को वह पुलिस के हाथ लग गया।



गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपित के बारे में जानकारी देते क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय व साथ में थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ●सौ. पुलिस विभाग

# 10 हजार की रंगदारी मांगी, मुकदमा

**बस्ती:** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी कृष्णलाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के रहने वाले ओबैदुरर्हमान ने 22 जून को उन्हें रोक कर जातिसूचक शब्द कहा। आरोपित ने कहा कि उसके पिता को प्रधानी करनी है और गांव में काम कराना है उसे हर महीने 10 हजार रुपया देना पड़ेगा। नहीं तो कोई काम नहीं करने देंगे। आरोप लगाया कि उसने उन्हें मारा पीटा भी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# तीन थानों में 10 लोगों पर दर्ज हुआ गैंगस्टर के तहत मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले के तीन थानों में 10 लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। छावनी पुलिस ने बीरे निषाद और राजू निवासी तालागांव थाना छावनी पर गैंगस्टर एक्ट लगाया है।

वहीं सोनहा पुलिस ने आभास कुमार उर्फ सर्वेंद्र निवासी परसा कुतुब थाना सोनहा और जितेंद्र कुमार सिंह निवासी खैरा थाना सोनहा पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

हर्रैया पुलिस ने राज सिंह निवासी खम्हरिया सुजात, रोहित उर्फ लल्ला निवासी महूघाट, विपिन वर्मा, राजेश कुमार उर्फ मोनू सिंह निवासी बरगदवा माफी थाना हर्रैया, अमर सिंह निवासी खम्हरिया सुजात और नीरज पांडेय निवासी बड़हर कला थाना हर्रैया पर गैंगस्टर लगाया गया है।

# मां-बेटियों को मारापीटा व धमकी दी, मुकदमा

**बस्ती :** कटरा खुर्द निवासी शांति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव की प्रेमलता ने उन्हें व उनकी दो बेटियों को अपशब्द कह मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। वहीं दुबौलिया थाने के बेम्हरी गांव निवासी आयुष कुमार का आरोप है कि गांव के विकास, विपिन, अरुण व दुर्गावती बिना किसी कारण के उन्हें अपशब्द कहा और घर में घुस कर मारा पीटा, धमकी दी। पुलिस दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही है। (जासं)

# फर्जी शिक्षक बर्खास्त, मुकदमा

## खझौला कंपोजिट विद्यालय में 12 वर्ष से कार्यरत था राजेश

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले में दूसरे के अभिलेख पर फर्जी तरीके से परिषदीय स्कूल में सहायक अध्यापक की नौकरी करने के एक और मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कूटरचित अभिलेखों की मदद से सहायक अध्यापक बनकर 12 वर्ष तक नौकरी करने वाले एक व्यक्ति पर मुंडेरवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बीएसए ने आरोपित शिक्षक को बर्खास्त कर खंड शिक्षा अधिकारी गौर को वेतन रिकवरी और मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था। एसटीएफ की जांच में इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ था।

- मिल्कीपुर अयोध्या के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत है असली शिक्षक
- एसटीएफ की जांच में फर्जी अभिलेख पर नौकरी करने का मामला आया था सामने

बीएसए कार्यालय के अनुसार जिले के साऊंघाट ब्लाक के परिषदीय कंपोजिट विद्यालय खझौला में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत राजेश कुमार का सहायक अध्यापक पद पर चयन 2010 में हुआ था। एसटीएफ की जांच में यह बात सामने आई कि राजेश कुमार ने किसी दूसरे के अभिलेखों का प्रयोग कर नौकरी हासिल की है। इसी नाम के असली शिक्षक राजेश कुमार अयोध्या जनपद में मिल्कीपुर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरेंद्र भदा में कार्यरत हैं। उनके ही अभिलेखों का प्रयोग कर बस्ती में तैनात फर्जी अध्यापक ने नौकरी हासिल कर ली।

जांच रिपोर्ट में फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद बीएसए ने साऊंघाट ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय खझौला में तैनात सहायक अध्यापक राजेश कुमार को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने की नोटिस दी। इसके बाद बीएसए ने बर्खास्तगी की कार्रवाई की। बीएसए कार्यालय के अनुसार अभिलेख में फर्जी शिक्षक ने अपना पता संत कबीरनगर जिले के महुली थानाक्षेत्र का जमीरा सतहरा गांव दर्ज किया है। बीएसए ने आरोपित की सेवा समाप्त करने के साथ ही वेतन रिकवरी व मुकदमा दर्ज कराने का भी निर्देश दिया। बीईओ सी.पी. प्रसाद की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।


**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# नशे में किया हंगामा, केस

**बस्ती :** मुंडेरवा क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का रहने वाला तेजबहादुर उन्हें देखकर अश्लील फब्तियां कसता है। 26 जून को नशे में उसे अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तेजबहादुर समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# लोटन में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

लोटन (एसएनबी)। क्षेत्रवासियों की आस्था का केन्द्र कस्बा के दक्षिण घोंघी नदी के तट पर स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर(कुटी) के पावन परिसर से जगन्नाथ स्वामी की भव्य शोभा रथ यात्रा निकाली गई जो परिसर से निकलकर केजी बाँध होते हुए कोतवाली के बगल से सम्पूर्ण कस्बा का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची जहां मौजूद विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार व शंख ध्वनि के बीच मूर्तियों को पुनः यथा स्थान स्थापित कर दिया।

जानकारी के अनुसार लोटन घोंघी नदी पर स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर लोगों के आस्था का केंद्र बहुत पहले से है जिसको लेकर लोगों का कहना है कि उक्त मंदिर में स्थित भगवान की मूर्तियां जगन्नाथ पुरी से

- वर्ष 2002 से प्रत्येक वर्ष निकलती है झांकी
- कोरोना काल में दो वर्ष नहीं निकल सकी थी झांकी
- सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद
- जगन्नाथपुरी की तर्ज पर लोटन में भी निकलती है रथयात्रा

मंदिर के पुजारी द्वारा लाया गया था जो कि पुजारी यहां से लौटते हुए जगन्नाथपुरी गए थे। तभी से उक्त कस्बे का नाम भी लोटन पड़ा इतना ही नहीं लोगों का कहना है कि मंदिर के पुजारी के परिश्रम का फल रहा कि जगन्नाथपुरी मंदिर से उक्त काष्ठ की मूर्तियां मिल सकी तभी से उक्त कुटी का भी नाम जगन्नाथ स्वामी मंदिर पड़ा उक्त मंदिर की महत्ता को ध्यान में रखते हुए पूर्व मंत्री स्वधनराज यादव की पहल पर तत्कालीन जिलाधिकारी एन एन पाण्डेय की देखरेख में वर्ष 2002 में पहली बार जगन्नाथपुरी की तर्ज पर रथयात्रा निकालने की शुरुआत की गई बीच में दो वर्ष कोरोना महामारी के कारण रथयात्रा नहीं निकाली गई थी जिससे लोगों



में आक्रोश बना था उक्त रथयात्रा प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया को निकलता है जिस कड़ी में शुक्रवार को लोटन में निकाली गई शुक्रवार की रथयात्रा में आगे- आगे सदर विधायक श्यामधनी राही यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे, तो बैण्डबाजा व ढोल की धुन पर श्रद्धालु थिरक रहे थे। घंटा घड़ियाल की आवाज सर्वत्र गूंज रही थी, शंखध्वनि व श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया था। चहुंओर अबीर गुलाल उड़ रहे थे। भगवा ध्वज यात्रा की शोभा में चार चांद लगा रहे थे। भक्तों द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया जो लोगों को देखते हुए बन रहा था। तीन अलग-अलग ट्रालियों पर सजी भगवान जगन्नाथ, बलिभद्र व देवी सुभद्रा की नयनाभिराम झांकियों की छटा देखते ही बन रही थी। भक्तों द्वारा लोटन चौराहे पर करीब बीस मिनट तक आतिशबाजी की गई। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इससे पूर्व मंदिर परिसर से रथयात्रा निकलने से पूर्व श्यामधनी राही ने कहा कि यह परम्परा लम्बे समय से चली आ रही है। प्रत्येक वर्ष भक्तों का उल्लास देखने को मिलता है। इस यात्रा से यहां के लोगों का भगवान सदैव रक्षा करते हैं। लोगों की आस्था व लगन को देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता है।

यात्रा में विधायक श्यामधनी राही के अलावा रामनिवास यादव,प्रमुख आशीष सिंह, प्रधान प्रदीप मोदनवाल, श्रीचंद मोदनवाल, बीपी पान्डेय, मुसे सिंह,निरंजन चौरसिया, प्रभात सिंह,रवी,सूरज,गुड्डू, तेजपाल,कन्हैया, रामदेव सहित तमाम क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

---

## लोटन के घोंघी नदी के तट पर भगवान जगन्नाथ का है ऐतिहासिक मंदिर, रथयात्रा के दौरान रही भारी भीड़

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली

**उल्लास**



शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को रवाना करते लोग।



रथयात्रा में सबसे आगे चलती पुलिस फोर्स। • हिन्दुस्तान

**लोटन, हिन्दुस्तान संवाद।** लोटन में 20 वर्षों से परंपरागत तरीके से निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुक्रवार को निकाली गई। क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रथ यात्रा में भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से सुरक्षा के पोख्ता प्रबंध किए गए थे। जगह-जगह रथ यात्रा का स्वागत किया गया इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

लोटन कस्बे के दक्षिण में स्थित घोंघी नदी के तट पर भगवान जगन्नाथ स्वामी का एतिहासिक मंदिर वर्षों पूर्व से स्थापित है। मंदिर से अषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को उड़ीसा में इसकी भगवान जगन्नाथ धाम की तर्ज पर यहां हर वर्ष रथ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा निकाली गई। मंदिर में स्थित चंदन की लकड़ी की बनी भगवान जगन्नाथ बंधा हुआ सुभद्रा की प्रतिमा को लाली पर रखकर रथ यात्रा निकाली गई। मंदिर से निकाली गई रथ यात्रा को सदर विधायक श्याम धनी राही, ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह, प्रधान प्रदीप कुमार मोदनवाल, अंकित सिंह आदि ने रथ को हाथ लगा कर रवाना किया। मंदिर से निकली रथयात्रा कोतवाली हुए होते हुए कस्बे में आई और वापस होकर मंदिर गई। मंत्रोचार के बाद मूर्ति को उसी स्थान पर स्थापित कर दिया गया। मंदिर के महंत रामशरण दास के मुताबिक उड़ीसा के बाद लोटन भारत का दूसरा स्थान है जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा उसी तर्ज पर उसी तिथि को निकाली जाती है। तीनों मूर्तियां चंदन की लकड़ी की बनी हुई है। रथयात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कोतवाली प्रभारी देवनंदन उपाध्याय फोर्स के साथ डटे रहे। रथ यात्रा को संपन्न कराने के लिए टीयर गैस, फायर ब्रिगेड, क्यूआरटी सहित पूरे सर्किल की फोर्स बुलाई गई थी। पुलिस अधीक्षक ने कस्बे में फ्लैग मार्च भी किया था।

**लोटन कस्बे में रथ यात्रा की शुरुआत**

वर्ष 2002 में जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी एनएन पांडेय ने की थी। वह महीने में एक दिन प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिर पर बैठक भी करते थे। उसी समय से यह रथयात्रा हर वर्ष निकाली जाती है।



# 33 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। शहर के सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा आदि स्थानों पर वाहन चेकिंग किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 33 वाहनों को चालान किया गया। सीओ यातायात ने बताया कि वाहन स्वामियों से 37 हजार रुपये का समन शुल्क भी वसूल किया गया।

प्रकाश सिंह, धर्मपाल शामिल रहे।

# एसआइ को दी विदाई

**जोगिया :** उप निरीक्षक पवन कुमार को तबादला बांसी कोतवाली में हो गया है। शुक्रवार को जोगिया थाने पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें विदाई दी। एसओ दिनेश कुमार सरोज ने कहा कि कुमार ने यहां बेहतर कार्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। उपनिरीक्षक राजेश शुक्ला, भीम आदि मौजूद रहे। (जासं)

# धूमधाम से निकाली गई श्री जगन्नाथ रथयात्रा



लोटन में निकाली गई भगवान जगन्नाथ यात्रा में शामिल सदर विधायक श्यामधनी राही ( मध्य में ) ● जागरण

जासं, लोटन, सिद्धार्थनगर : लोटन बाजार के पूर्वी दक्षिणी भाग में स्थित श्री जगदीश स्वामी मंदिर (कुटी ) से शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद तीन ट्रालियों पर बलदाऊ व सुभद्रा व भगवान कृष्ण की मूर्तियां सजाकर रखी गयी थी। विधायक श्यामधनी राही,ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह सहित प्रमुख लोगों ने हाथ लगाकर यात्रा को प्रारंभ कराया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

शंखनाद जयकारा गूंजता रहा। जगह जगह नर नारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किये। लोटन कस्बा का भ्रमण करने के बाद पुनः मंदिर में स्थापित कर दिया गया। दृगनारायन सिंह, विनय सिंह, शुकदेव पांडेय, पांडेय,अवधराम सहानी, कृष्णकांत कसौधन,शिवम विश्वास आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के लिहाज से सीओ सदर के नेतृत्व में लोटन मोहाना, कपिलवस्तु, बांसी,उसका, महिला थाने की पुलिस मौजूद रही।



निकाली गई रथयात्रा ● जागरण


गोरखपुर विका
ई-पंजीक
गोरखपुर विकास प्राधिकरण,
रिक्त व्यवसायिक सम्पत्तियों का ई-
01-07-2022 से दिनांक 31-03-2023
रहा है। प्रत्येक माह की अन्तिम तिथि

# ई-रिक्शा ने बिगाड़ दिया यातायात व्यवस्था का तानाबाना

## समस्या : जहां मन किया वहीं भरने लगते हैं सवारी, निर्धारित संख्या से अधिक सवारी बैठा रहे हैं चालक

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : नगर में ई-रिक्शा की भरमार है। जिधर देखिए, उधर यह फर्राटा भरते हुए दिखाई दे जाएंगे। जहां मन किया वहीं पर अपने वाहन को खड़ा करके सवारी बैठाने लगते हैं। इनकी पार्किंग स्थल भी निर्धारित नहीं है। संचलन के लिए कोई रुट भी नहीं बना है। बिना संकेत दिए ही यह वाहन को किसी ओर भी मोड़ देते हैं। बैटरी की कम खपत हो, इसलिए रात को बिना लाइट जलाए ही चलते हैं। इससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। निर्धारित चार सवारी के स्थान पर छह से सात सवारी बैठाना इनके लिए आम बात हैं। इन्हें न तो पुलिस का भय है और न ही कानून का। कुल 1062 ई-रिक्शा का संभागीय परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन है। इसमें 1044 सवारी व 18 ई-रिक्शा मालवाहक हैं।



बस स्टेशन पर खड़े ई-रिक्शा ● जागरण

ई-रिक्शा चलाने के लिए 378 ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुए हैं। 19 ने लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया है।

कोविड संक्रमण में रोजगार के अवसर उत्पन्न कराने के लिए नगरीय क्षेत्रों में ई-रिक्शा संचलन शुरू हुआ




था। पर्यावरण संरक्षण और मध्यम वर्ग के लिए सुगम संचार का साधन साबित हो गया। देखते ही देखते इनकी संख्या काफी बढ़ गई। अब इसका संचलन लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगा है। कच्ची उम्र के किशोरों के हाथ में इसकी हैंडिल होने पर हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ई-रिक्शा को 25 किमी की गति से ज्यादा नहीं चलाया जा सकता और इसमें अधिकतम चार सवारी बैठाने का नियम है लेकिन इसका भी पालन नहीं किया जा रहा।

सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव ने

> ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। प्रशासन ई-रिक्शा के पार्किंग स्थल का निर्धारण करता है। जहां से यह सवारी को बैठाने का काम करते है। जल्द ही इनके रजिस्ट्रेशन व ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के लिए अभियान संचालित किया जाएगा।
>
> **आशुतोष शुक्ला**, एआरटीओ

कहा कि प्रशासन से समन्वय स्थापित कर ई-रिक्शा के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित कराया जाएगा। बीच रास्ते में सवारी बैठाने वाले वाहनों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। यातायात व्यवस्था को यह प्रभावित नहीं कर सकते हैं। अभियान चलाने के लिए सदर थाना की पुलिस को निर्देशित किया जाएगा।

# पांच दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर अपहरण के आरोपित

- **26 जून को गांव की बाग से हुआ था किशोरी का अपहरण**
- **दूसरे दिन शोहरतगढ़ थाने के मड़वा के पास मिली थी किशोरी**


**जासं, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर :** कठेला थाने की पुलिस अपहरण के आरोपितों को अभी नहीं खोज पाई है। पुलिस टीम बना कर तलाश में जुटी है, लेकिन घटना के पांच दिन बाद भी सफलता नहीं मिली है। सर्विलांस टीम भी लगाई गई है। पुलिस कई संदिग्धों के नंबर को भी ट्रेस कर रही है।

26 जून को थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को तीन युवक अपहरण कर रात भर एक कमरे में रखे रहे। दूसरे दिन सुबह उसको शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के मड़वा नहरी गांव के बीच नहर के पास हाथ बांध कर छोड़ दिए। किशोरी के पिता ने सामूहिक दुष्कर्म की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया था। मामला एपी के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने 28 जून को किशोरी का बयान दर्ज किया है और न्यायालय में पेश किया था। 29 जून को मेडिकल भी कराया गया। घटना के दिन दोपहर 12 बजे किशोरी शौच के लिए गांव के पूरब बाग में गई थी। स्वजन के मुताबिक तीन युवक दो बाइक से आए और किशोरी को नशीला पदार्थ सुंघा कर बाइक पर बैठा लिए। शाम चार बजे के आस पास जब उसे होश आया तो व एक कमरे में कैद थी और वह तीनों युवक भी थे। दूसरे दिन सुबह हाथ बांध कर मड़वा के पास छोड़ दिए थे। एसओ ने बताया की पुलिस हर बिंदु पर विवेचना कर रही है। घटना स्थल का मुआयना किया गया है। कई लोगों के काल डिटेल खंगाले जा रहे है। सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर पर्दाफाश किया जाएगा।

# शिक्षक विधायक की निधि से पांच स्थानों पर लगेगा सीसी कैमरा

**जासं, सिद्धार्थनगर:** जिले में 106 हाट स्पाट चिह्नित किए गए हैं। यहां सर्वाधिक घटना-दुर्घटना होती है। पुलिस की पहले पर सभी स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके लिए विभाग खुद धन खर्च कर रहा है। साथ ही सभी वर्ग से सहयोग भी लिया जा रहा है। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कैमरा लगवाने के लिए एसपी को दो लाख रुपये उपलब्ध कराया है। इससे पांच स्थानों पर सीसी कैमरा लगाया जाएगा। इसमें जनपद मुख्यालय और उसका बाजार के प्रमुख स्थानों की गतिविधियों को कैमरे में कैद किया जाएगा। इसकी निगरानी मोबाइल से एसपी समेत 10 पुलिस अधिकारी एक साथ कर सकेंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि जिले भर में कुल 106 हाट स्पाट चिह्नित किए गए थे। जिनमें 52 लोकेशन पर 208 सीसी कैमरा लगाया जा चुका है। पांच और स्थानों पर विधायक निधि से मिले धन से कैमरे लगवाए जाएंगे। जिन स्थानों पर कैमरे लगेंगे उसमें शहर के भीमापार स्थित पुराने रेलवे गेट क्रासिंग,हुसैनगंज, तेतरी बुजुर्ग शामिल है। वहीं उसका बाजार के मदनपुर तिराहा तथा डाकघर के पास कैमरा लगाया जाएगा।


शहर में लगे सीसी कैमरे • जागरण

## एक नजर में

# किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

शोहरतगढ़ : चिल्हिया थाना क्षेत्र के गांव की किशोरी को घर से बाहर निकलते ही नेपाल निवासी एक युवक ने गलत नियत से रात में पकड़ लिया। मामले में पुलिस किशोरी की मां की तहरीर पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर पास्को लगाया गया है। आरोपित नेपाल का रहने वाला है। वर्तमान में वह अपने भाई के ससुराल आया था। चिल्हिया एसओ राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपित फरार है। पुलिस तलाश में जुटी हुई हैं। (जासं)

# तीन बोरी खाद के साथ गिरफ्तार

**कपिलवस्तु :** बजहा चौकी पुलिस ने शुक्रवार को विजय कुमार निवासी मटियरिया को तीन बोरी खाद के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी अरविन्द गुप्ता ने बताया कि बार्डर पर गस्त के दौरान उसे खाद की तस्करी करते हुए पकड़ा गया है। (जासं)

# वारंटी गिरफ्तार

**कपिलवस्तु :** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एक वारंटी शिव शंकर पासवान टोला बरगदी निवासी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया था। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक शशि प्रकाश सिंह, घनश्याम शामिल रहे।

# तीन थानों में 10 लोगों पर दर्ज हुआ गैंगस्टर का मुकदमा

बस्ती : जिले के तीन थानों में 10 लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। छावनी पुलिस ने बीरे निषाद और राजू निवासी तालागांव थाना छावनी पर गैंगस्टर एक्ट लगाया है। वहीं सोनहा पुलिस ने आभास कुमार उर्फ सर्वेंद्र निवासी परसा कुतुब थाना सोनहा और जितेंद्र कुमार सिंह थाना सोनहा पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। (जासं)

# एक माह बाद धराया किशोरी को भागने का आरोपित

**जागरण संवाददाता, घोसियारी, सिद्धार्थनगर** : खेसरहा थाना के कुर्थिया पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा करने का आरोपित एक माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बीते 31 मई को आरोपित ने किशोरी को अगवा कर अहमदाबाद (गुजरात) लेकर चला गया था। तभी से पुलिस उसकी गिरफ्तारी में लगी हुई थी। घटना के बाद किशोरी की मां ने बीते तीन जून को थाने पर इसकी तहरीर देकर कहा था कि हमारी किशोरी को थाना क्षेत्र के करमडीह जमुआर निवासी लाल सिंह चौधरी पुत्र रामलाल चौधरी बहला फुसला कर भगा ले गया है। जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुट गई थी। कुर्थिया चौकी प्रभारी अमित कुमार को पता चला कि आरोपित अपने घर आया है और कहीं जाने की तैयारी में है। शुक्रवार सुबह नौ बजे लक्ष्मीगंज तिराहे पर वह किशोरी के साथ पकड़ में आ गया। किशोरी को उसके स्वजन के हवाले करते हुए युवक को जेल भेज दिया।

# सीओ के नेतृत्व में किया गया फ्लैग मार्च

**जासं, जोगिया :** शुक्रवार देर शाम सीओ बांसी देवी गुलाम के नेतृत्व में जोगिया कस्बे में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। लोगों को सुरक्षा को भरोसा दिलाया। एसओ दिनेश कुमार सरोज, एसआइ राजेश शुक्ला, भीम सिंह, रणंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसटीएफ ने जताई सुबूत मिटाने की आशंका

## एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी करने वालों को किया है चिह्नित

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। फर्जी दस्तावेजों के सहारे शिक्षक की नौकरी हासिल करने वालों को चिह्नित कर लिए जाने के बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग केस दर्ज कराने में शिथिलता बरत रहा है। कार्रवाई में देरी को देखते हुए एसटीएफ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को रिपोर्ट भेजी। उसके बाद महानिदेशक ने कार्रवाई करके, 30 जून को रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। प्रदेश में 176 और जिले में सात शिक्षकों पर कार्रवाई होनी है। केस दर्ज कराने में लापरवाही पर एसटीएफ ने सुबूत मिटाने की आशंका जताई है।

बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी हासिल करने वालों की जांच हो रही है। वर्ष 2018-19 में बड़े पैमाने पर फर्जी शिक्षकों के कार्यरत होने की बात सामने आई थी। मामला गंभीर दिखा तो जांच एसटीएफ को सौंपी गई। शासन के निर्देश पर एसटीएफ गोरखपुर की टीम ने जिले में जांच का जिम्मा संभाला। उसके बाद परत दर परत शिक्षकों के फर्जीवाड़े की पोल खुलने लगी। यहां तक कि शिक्षा माफिया राकेश सिंह भी पकड़ा गया। जमानत पर उसके बाहर आने के बाद गैंगस्टर की कार्रवाई करके पुलिस ने दोबारा उसे सलाखों के पीछे पहुंचवा दिया। जिले में अब तक 104 फर्जी शिक्षकों पर केस दर्ज हो चुका है। इनमें 70 से अधिक जेल भेजे जा चुके हैं। एसटीएफ की जांच में और फर्जी शिक्षक पाए गए हैं। प्रदेश के 37 जनपदों में 176 ऐसे शिक्षक मिले हैं, जो फर्जी दस्तावेजों के सहारे अभिलेखों में नौकरी करते हुए मिले हैं। इनमें सात सिद्धार्थनगर जनपद के हैं। इनके चिह्नित होने के बाद एसटीएफ की ओर से केस दर्ज कराने के लिए सूची भेज दी गई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई में लापरवाही और साक्ष्य मिटाने की आशंका को देखते हुए एसटीएफ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र जारी करके कार्रवाई के लिए कहा। महानिदेशक ने 30 जून तक कार्रवाई करके रिपोर्ट देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि संबंधित बीईओ को केस दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### रिपोर्ट देने में लापरवाही

फर्जीवाड़ा करके नौकरी करने वाले शिक्षकों से रिकवरी करने के संबंध में पुलिस विभाग की ओर से कई बार बेसिक शिक्षा विभाग को पत्राचार किया जा चुका है। विभागीय जिम्मेदार इसमें किसी प्रकार की रुचि नहीं ले रहे हैं। जिन 104 शिक्षकों पर कार्रवाई हुई है, उनसे धन की रिकवरी के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से नोटिस जारी किया जाना है। इसके बाद पुलिस विभाग की ओर से कार्रवाई की जानी है। नोटिस जारी न होने से पुलिस विभाग भी परेशान है। एएसपी सुरेश चंद रावत ने बताया कि फर्जी शिक्षकों से धन की रिकवरी के संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग को पत्राचार किया गया है।

### फर्जी शिक्षक बर्खास्त, दर्ज होगा केस

सिद्धार्थनगर। फर्जी अभिलेख पर नौकरी कर रहे बढ़नी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जियाभारी में तैनात प्रधानाध्यापक अरुण कुमार मिश्र को बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने बर्खास्त कर दिया है। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी बढ़नी को फर्जी शिक्षक के विरुद्ध केस दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। बीएसए ने बताया कि एसटीएफ की जांच में महराजगंज के प्राथमिक विद्यालय परियरा में तैनात प्रधानाध्यापक अरुण कुमार मिश्र के अभिलेखों पर ही बढ़नी ब्लॉक के जियाभारी में गोरखपुर के गोरखनाथ थाने के सूर्यविहार कॉलोनी निवासी फर्जी शिक्षक की नौकरी कर रहा था। एसटीएफ की रिपोर्ट के बाद उसे नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उसने जवाब नहीं दिया। उसके बाद यह कार्रवाई की गई। संवाद

# रैली निकाली, संक्रामक बीमारी से बचाव की जानकारी दी

## सीएचसी इटवा परिसर से कर्मियों ने जागरुकता रैली निकली

संवाद न्यूज एजेंसी

इटवा। संचारी रोग की रोकथाम के लिए शुक्रवार को सीएचसी इटवा के कर्मचारियों ने जागरुकता रैली निकाली। लोगों को संक्रामक बीमारी से बचाव के उपाय बताए।

एसडीएम अभिषेक पाठक व सीओ रमेश चंद्र पांडेय की अगुवाई में सीएचसी इटवा परिसर से कर्मियों ने जागरुकता रैली निकली। यह रैली परिसर से निकलकर चौराहे तक और पुनः वापस आकर परिसर में समाप्त हो गई। इस दौरान रैली में शामिल कर्मी बड़े-बड़े बैनर लिए थे, जिसमें संचारी रोगों से बचाव से संबंधित स्लोगन लिखे हुए थे। इस संबंध में एसडीएम इटवा का कहना था कि जागरूकता रैली का मकसद आमजन को जागरूक करना है। लोगों की जागरूकता ही इस संचारी रोगों से बचाव का प्रमुख हथियार है। इस दौरान बीडीओ इटवा अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. संजय गुप्ता, अनिल यादव, रिजवाना अंसारी, अमित मिश्र, मुख्तार अली आदि शामिल रहे।



इटवा कस्बे में रैली निकालते एसडीएम, सीओ व सीएचसी कर्मी। संवाद

# धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

## लोटन कस्बे के जगन्नाथ मंदिर से निकाली गई यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु, लगाए जयकारे

संवाद न्यूज एजेंसी

लोटन। लोटन बाजार स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर से शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ रथयात्रा निकाली गई। दो वर्ष तक कोरोना के चलते रथ यात्रा नहीं निकल पाई थी, लेकिन इस वर्ष मौका मिलते ही रथ यात्रा में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

लोटन बाजार के दक्षिण स्थित घोघी नदी तट पर भगवान जगन्नाथ स्वामी का पुराना मंदिर स्थापित है। अषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को उडीसा के जगन्नाथ धाम की तर्ज पर लोटन में भी जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष रथ यात्रा निकाली गई। रथ को मंदिर में स्थित चंदन की लकड़ी से बनी भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलदाऊ व शुभद्रा की तीनों मूर्तियों को टाली पर रखकर रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा को विधायक श्यामधनी राही, प्रमुख अशीष सिंह, लोटन के प्रधान प्रदीप मोदनवाल, पूर्व प्रधान अवधराम सहानी, अंकित सिंह ने हाथ लगाकर रवाना किया। रथ यात्रा में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा में गणेश स्वरूप हाथी आगे-आगे चल रहा था।

रथ यात्रा में भाजपा के दुगनरायन सिंह, महेश प्रसाद, अमित सिंह, प्रेमचंद मोदनवाल, दुर्गविजय सिंह, नंदलाल मोदनवाल, अनिल जायसवाल, वीरेंद्र पांडेय, राजकुमार, सुखदेव पांडेय, निरंजन चौरसिया, रामनिवास यादव, पंकज वर्मा, सुरेंद्र मणि, कमलेश चौरसिया, अनिल कुमार, श्रीचंद मोदनवाल, मुनिराज यादव, निक्की सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। रथ यात्रा कोतवाली होते हुए पेट्रोलपंप तक व फिर कस्बे से होते हुए मंदिर पर मंत्रोच्चार के बाद वापस मूर्तियों को उसी स्थान पर स्थापित कर दिया गया।



लोटन बाजार स्थित मंदिर से निकली रथ यात्रा में शामिल सदर विधायक श्यामधनी राही और अन्य। संवाद

### तैनात रही पुलिस फोर्स

मंदिर के महंथ राम शरण दास के मुताबिक उडीसा के बाद लोटन भारत का दुसरा स्थान है। जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी का रथ यात्रा अषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष के द्वितीय तिथि को निकाली जाती है। लोटन में रथ यात्रा की शुरुआत वर्ष 2002 में जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी एनएन पांडेय ने की थी। रथ यात्रा की सुरक्षा के लिए एसओ कपिलवस्तु, उसका मोहाना व कोतवाली प्रभारी देव नंदन उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी गई जुमे की नमाज, मांगी दुआ

## डुमरियागंज क्षेत्र में मस्जिदों के आसपास तैनात किए गए थे पुलिसकर्मी



डुमरियागंज जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिसकर्मी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। पिछले बार की तरह इस बार भी शुक्रवार को जुमे की नमाज बड़े ही शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। जिले में मस्जिदों के आसपास और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल तैनात था। कहीं से भी शांति व्यवस्था में खलल डालने वाली खबर नहीं आई। मस्जिदों में नमाज के बाद लोगों ने मुल्क में अमन और आपसी भाईचारा बरकरार रखने की दुआ मांगी।

डुमरियागंज स्थित जामा मस्जिद बैदौला स्थित गरीब नवाज मस्जिद, हल्लौर की शिया जामा मस्जिद, बेंवा चौराहे की सुन्नी बड़ी मस्जिद, बयारा मस्जिद लटिया वासा टिकरिया विथरिया कादीराबाद औराताल, तरौना सहित क्षेत्र की सभी मस्जिदों पर जुमा की नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम मौलाना मोहम्मद हसन, मौलाना मकसूद अकरम तथा मौलाना, हसानूल्लाह कासमी, मौलाना कादिर, मौलाना तनवीर अहमद आदि ने खुत्बा और तकरीर में लोगों से क्षेत्र में अमन शांति बनाए रखने और भाईचारे को बरकरार रखने की अपील की। साथ ही लोगों को अफवाहों से खबरदार रहने और सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट और कमेंट न करने की भी गुजारिश की गई। शासन-प्रशासन के कायदे-कानून का पालन करने की अपील की। नमाज के बाद सभी नमाजियों ने अपने हाथ बुलंद कर उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में अमन शांति और आपसी भाईचारा बरकरार रखने के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी।

### मस्जिदों के बाहर रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राजस्थान के उदयपुर में हुए हत्याकांड व एक पखवारा पहले शुक्रवार जुमा की नमाज के बाद वहां के कई शहरों में हुए हिंसक बवाल और पथराव आदि की घटनाओं के मद्देनजर प्रशासन की ओर नमाजियों को चको शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर इस बार भी जिले की विभिन्न मस्ज़िदों के बाहर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। जुमे की नमाज़ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। तहसील क्षेत्र में कहीं पर भी न तो कोई विरोध प्रदर्शन हुआ और न ही ज्ञापन दिया गया। इस बारे में सीओ डुमरियागंज अजय श्रीवास्तव ने बताया कि डुमरियागंज सर्किल की मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी पर केस दर्ज

**शोहरतगढ़।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी नेपाल का रहने वाला है। वह पीड़िता के गांव में किराए के मकान में रहता था।

**चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है मामला**

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के मुताबिक, नेपाल का एक व्यक्ति उसके गांव में किराए पर कमरा लेकर रहता है। बुधवार रात बेटी किसी कार्य से बाहर निकली। इसी बीच उसने उसे पकड़ लिया। उसके बाद दुष्कर्म किया। इस बात की जानकारी उनकी बेटी ने घर पर आकर दी। इस मामले में पीड़िता की मां ने चिल्हिया पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में एसओ ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# पुलिसकर्मियों को दिया प्रमाण पत्र

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** डायल-112 पीआरवो पर नियुक्त 28 पुलिस कर्मियों का नौ दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव ने सभी पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र दिया। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस आपात कालीन प्रबंधन प्रणाली उ.प्र. परियोजना ( आपात सेवाएं 112) में चार पहिया-दो पहिया पीआरवी पर नियुक्त कमाण्डर/सब-कमाण्डर का जनपद स्तरीय 09 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का समापन क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव द्वारा किया गया। क्षेत्राधिकारी ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने व स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, निरीक्षक डायल -112 श्रीमती मंजू सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जुमा की नमाज सकुशल सम्पन्न

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों-थानाध्यक्षों-चौकी प्रभारियों द्वारा साप्ताहिक जुमे की नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु भ्रमणशील रहकर वहां के धर्मगुरुओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज करने की अपील की। अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनपद की समस्त मस्जिदों में जुमें की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया। एसपी सोनम कुमार ने कहा कि जिले में असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी यदि आपके संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित ना होने पाये। जनपद पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन

संतकबीरनगर। कानपुर हिंसा, उदयपुर की घटना व ज्ञानव्यापी प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पहले से ही सतर्कता बरती गई थी। मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स व मजिस्ट्रेट तैनात रहे। एसपी सोनम कुमार ने खलीलाबाद का निरीक्षण किया। मेंहदावल में एसडीएम व सीओ ने फ्लैग मार्च कर शांति बनाने की अपील की।

# शांतिभंग में छह लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ चल रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक, दुधारा पुलिस ने दो और धनघटा पुलिस नेतीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# 53 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने के लिए ज़िले की पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत 53 वाहनों का चालान शुक्रवार को गिया गया। इनसे कुल 43,500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा कई लोगों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा।

# पांच मिनट में पहुंच विवाद शांत कराया

संतकबीरनगर। पीआरवी 1494 को थाना बेलहरकला क्षेत्र के बेलहरकल खुर्द से दो पक्षों के बीच मारपीट होने की सूचना मिली। सूचना के बाद तत्काल सक्रिय हुई पीआरवी टीम पांच मिनट में मौके पर पहुंच गई। विवाद को शांत कराते हुए दोषियों को कार्रवाई के लिए बेलहर थाना पुलिस को सुपुर्द किया।

# एक वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। न्यायालय में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान एक वारंटी शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। मेंहदावल पुलिस ने रामलाल पुत्र भगौती निवासी दीमापार थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# शांति व्यवस्था के लिए ड्रोन कैमरे से रखी जा रही नजर



मेंहदावल कस्बे में ड्रोन कैमरे से गतिविधि का जायजा लेते प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह
● जागरण

**जागरण टीम, संतकबीर नगर** : जनपद में शांति व्यवस्था बनी रहे, पुलिस लगातार काम कर रही है। शांति समितियों की बैठक के साथ ही अराजक तत्वों पर कार्रवाई करने से भी नहीं चूक रही। शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते मस्जिदों के पास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। इस दौरान पुलिस कस्बों में लगातार पैदल गश्त करती रही। ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी हर गतिविधि पर नजर रखी गई। लोगों को प्रेम व भाईचारा के साथ रहने व नमाज अदा करने की अपील की गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजू यादव और मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में 65 पुलिसकर्मियों को मेंहदावल कस्बे के जामा मस्जिद के पास मौजूद रहे। मस्जिदों के आसपास ड्रोन कैमरा लगाकर गतिविधियों पर नजर रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के उद्देश्य से पुलिस की गाड़ियां लगातार भ्रमण करती रहीं। इस दौरान पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। एसडीएम योगेश्वर सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। किसी भी प्रकार के अफवाह से खुद को दूर रखना चाहिए। इंटरनेट मीडिया पर पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी बरत रही है। किसी भी प्रकार के उपद्रव व असामाजिक कार्यों को करने वाले लोगों पर सख्ती बरती जाएगी।

**पैदल गश्त कर पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा** :खलीलाबाद के सेमरियावां में दुधारा के थाना प्रभारी सर्वेश राय के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने कस्बे का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। उन्होंने लोगों से कहा कि अफवाहों से बचें। पुलिस अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेगी। जो लोग प्रेम से रह रहे हैं उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस हर वक्त तैयार है।

# प्रशिक्षण में मिली जानकारी को व्यवहार में लाएं पुलिसकर्मी : सीओ

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** रिजर्व पुलिस लाइन के क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार यादव ने कहा कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी को पुलिसकर्मियों को व्यवहार में लाना चाहिए। कार्य दक्षता बढ़ाने के लिए ही सरकारी स्तर से अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में नौ दिवसीय आपात कालीन प्रबंधन प्रणाली के प्रशिक्षण समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्य ही विभाग में प्रोन्नति का आधार है। प्रशिक्षण प्राप्त कर्मियों को उन्होंने जनसेवा की भावना से पीड़ितों के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए पुलिस सहायता उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने समुदाय के अच्छी छवि के लोगों से बेहतर समन्वय बनाने का भी निर्देश दिया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, निरीक्षक मंजू सिंह समेत अनेक पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण प्राप्त 28 पुलिसकर्मियों को मिला प्रमाणपत्र

संतकबीरनगर। डॉयल-112 पीआरवी पर नियुक्त 28 पुलिसकर्मियों के नौ दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुक्रवार को समाप्त हुआ। सीओ लाइंस के जरिए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रमाणपत्र दिया गया।

सीओ लाइंस राजीव यादव ने बताया कि पुलिस आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली (आपात सेवाएं 112) में चार पहिया/दो पहिया पीआरवी पर नियुक्त कमांडर/सब-कमांडर को नौ दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया। इसका शुक्रवार को समापन हुआ। सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मियों को जनसेवा की भावना से पीड़ित के साथ मानवीय संवेदना रखते हुए तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध करानी चाहिए। स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण प्राप्त सभी 28 पुलिस कर्मियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, निरीक्षक डॉयल-112 मंजू सिंह आदि उपस्थित रहीं। संवाद



प्रशिक्षण के बाद पुलिसकर्मी को प्रमाणपत्र देते सीओ। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# पुलिस निगरानी में अदा की जुमे की नमाज



## नगर मजिस्ट्रेट की अगुवाई में शहर में भ्रमण करती रही पुलिस

एकता चौराहे पर मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जुमा की नमाज को लेकर शुक्रवार को पूरे दिन पुलिस शहर में भ्रमण करती रही। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों की पुलिस निगरानी करती रही। शहर के प्रमुख चौराहों समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अराजकतत्वों पर पुलिस की नजर रही। जुमा की नमाज के बाद पुलिस महकमे ने राहत की सांस ली।

कानपुर में बवाल के बाद से पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। शहर में हररोज पुलिस पैदल गश्त कर रही है। जुमा की नमाज को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। शहर की सभी मस्जिदों पर पुलिस टीम की तैनाती रही। नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने शहर के सभी इलाकों की मस्जिदों का भ्रमण कर पुलिस व्यवस्था की जानकारी ली। चौक चौराहों पर पुलिस पिकेट को चेक किया गया। पुलिस टीम शहर में भ्रमण करती रही। जिले के 17 थाना क्षेत्रों के थानाध्यक्ष भी जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रहे। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जुमा की नमाज शांति के साथ मस्जिदों में अदा की गई। बताया कि चौक चौराहों पर पुलिस टीम तैनात है। कोतवाल नगर के साथ चौकी प्रभारियों व सभी थानाध्यक्षों को क्षेत्र में भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# किशोरी के बयान के बाद बलात्कार में केस तरमीम

- पहले पुलिस ने छेड़छाड़ की धाराओ में दर्ज किया था मुकदमा
- पीड़िता ने न्यायालय में दिए बयान में अपने साथ रेप की बात कही

खरगूपुर, संवाददाता। बलात्कार को पुलिस ने पहले छेड़छाड़ करने का मुकदमा लिखा और आरोपी को जेल भेज दिया। वहीं पीड़ित किशोरी ने न्यायालय में बयान में एक युवक पर रेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बयान के बाद रेप की धारा बढ़ाकर दूसरे आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

मामला स्थानीय नगर पंचायत स्थित एक मोहल्ले का है जहां चार दिन पूर्व एक किशोरी के साथ पड़ोस के ही युवक द्वारा छेड़छाड़ की गई थी और एक युवक द्वारा बलात्कार किया गया था।मगर पुलिस ने छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी एक युवक को जेल भेज दिया था। पुलिस ने पीड़िता किशोरी को न्यायालय में प्रस्तुत कर 164 के तहत बयान कराया जिसमें पीड़िता द्वारा पड़ोस के ही एक युवक पर बलात्कार करने का आरोप लगाया। पुलिस ने जिला चिकित्सालय में परीक्षण कराया। उपनिरीक्षक चंद्रभूषण पांडे ने बताया कि पूर्व में दर्ज किए गए प्राथमिकी में बलात्कार की धारा बढ़ाकर आरोपी युवक संजय गुप्ता को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। वही इसी मामले में किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में आरोपी युवक मोहित कुमार कश्यप को बुधवार को ही पुलिस ने जेल भेज दिया था।

# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के दो आरोपी पकड़े

- आम के पेड़ से लटकती पाई गई थी युवक की लाश
- लाश बरामद होने के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जामकर किया था प्रदर्शन

रूपईडीह, संवाददाता। ग्राम पंचायत रामापुर के बनकटी गांव में पिछले मंगलवार को सुशील तिवारी की लाश गांव के बाहर आम के पेड़ से लटकती हुई मिली थी। इस संबंध में लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए सड़क जाम किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने इस घटना में आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष कौड़िया बाजार मदन लाल गौतम ने बताया कि आरोपी शुभम व श्रीराम निवासी हरखापुर को गिरफ्तार किया गया है। उन पर प्रेम प्रसंग के कारण मारपीट कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है। आरोपियों ने वादी शेषधर उर्फ प्रहलाद तिवारी के पुत्र को प्रेम प्रसंग की बात को लेकर पीटकर आत्महत्या करने के लिये प्रेरित किया था। जिससे वादी के पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।

पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों का गुस्सा थोड़ा कम हुआ है। घटना के बाद से ही लोग इस मामले में तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे थे। पुलिस की सक्रियता के बाद पीड़ित परिजनों के दर्द पर भी थोड़ा मरहम लगने की बात लोग कर रहे हैं।

# मारपीट के मामले में मुकदमा

परसपुर : नगर पंचायत के मिश्रन टोला निवासी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी अवधेश कुमार मिश्र की पत्नी सज्जन देवी ने तहरीर दी है। कहा कि गाय बांधने के विवाद को लेकर पड़ोस के रहने वाले कुछ लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई की। (संसू)

# मौत मामले में दो गिरफ्तार

संसू, आर्यनगर : तीन दिन पूर्व कौड़िया के बनकटी रामापुर गांव निवासी सुशील तिवारी की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने बताया कि इस मामले में मुकदमा किया गया था। आरोपित श्रीराम कौशिक व शुभम को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में खरगपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में युवक को जेल भेज दिया।

# सेवानिवृत्त आठ पुलिस कर्मियों का सम्मान



गोंडा। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने सेवानिवृत्त हुए आठ पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के कार्यों को सराहा। उपनिरीक्षक राजेश कुमार मिश्र को बधाई दी और जिले में लंबे समय तक निर्विवाद कार्य के लिए सराहना किया। इस मौके पर उन्होंने उपनिरीक्षक राजेश कुमार मिश्र, अनिल कुमार धवल, शिवशंकर सिंह, हरेराम सिंह, इन्द्रजीत यादव, उमाशंकर वर्मा, ऋषिकेशमणि त्रिपाठी, इन्द्रमणि त्रिपाठी को सम्मान के साथ विदाई दी। (संवाद)

# तीन मामलों में तीन महिलाओं समेत चार की पिटाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**परसपुर (गोंडा)।** अलग-अलग मामलों में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पसका पांडेय पुरवा निवासिनी मीरा पत्नी लहरू ने बताया कि पौध उखाड़ने के विवाद पर आरोपी अभद्रता कर पिटाई करने लगे। पुत्री नंदनी बचाने आयी तो उसको भी पीटा। पुलिस ने अवतार, श्यामू, विनोद व प्रदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। ग्राम उधौरा लोनियन पुरवा निवासी शिव कुमार ने कहा कि पुश्तैनी भूमि के बंटवारा को लेकर उसके बड़े भाइयों ने अभद्रता कर मारापीटा। शिव कुमार की तहरीर पर विजय कुमार व अशोक कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ग्राम चरसड़ी पठानपुरवा निवासिनी नेहा पत्नी लेखपाल यादव ने बताया कि घर के सामने बिजली का तार बिछाने के विवाद में दो लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने रामसुधर यादव व सीमा पत्नी मुलायम यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## प्रतिबंध के बावजूद मछली मारने में पांच पकड़े गये

**करनैलगंज (गोंडा)।** सरयू घाट पर नदी में मछली मारने पर पांच लोगों को पकड़कर एसडीएम ने पुलिस को सौंपा है। गुरुवार को सरयू नदी कटरा घाट पर 12 से अधिक लोगों ने मछली मारने की शिकायत उपजिलाधिकारी हीरालाल से की। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर मछली मारने वाले लोगों को पकड़वा कर पुलिस को सौंप दिया। मछली मारने वाले तमाम लोग भागने में भी सफल रहे। इनके पास से एक आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक मशीन भी बरामद हुई। एसडीएम ने बताया कि यदि कोई मछली का शिकार करते पकड़ा जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 02-07-2022

# एक मोबाइल बरामद

**बलरामपुर :** पुलिस टीम ने चोरी का एक स्मार्टफोन बरामद किया है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने चोरी का मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी सहायक अध्यापिका आरती दूबे को सिपुर्द कर दिया है। (संसू)

# कड़ी सुरक्षा में पढ़ी गई जुमे की नमाज

**जागरण टीम, बलरामपुर :** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा में जुमे की नमाज पढ़ी गई। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की तैनाती रही जिन्होंने पैदल मार्च कर लोगों से कोई भी अफवाह न फैलाने की अपील की।

समाज में नफरत फैलाने को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों के मद्देनजर शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था काफी चौकस रही। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाती रही। जुमे की नमाज को देखते हुए एसपी राजेश सक्सेना ने सभी क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षों को बाजारों एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च कर, ड्रोन कैमरा से निगरानी करने का निर्देश दिया था। इसे देखते हुए दोपहर होते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस जवानों ने पैदल मार्च कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन तथा नवयुवकों की चेकिंग व पूछताछ की। सब्जी विक्रेताओं व दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वह सड़क की पटरी से उचित दूरी पर दुकान लगाएं। रिक्शा चालक को हिदायत दी कि वह सड़क से निर्धारित दूरी पर पार्किंग करें। महदेइया बाजार में मस्जिद चौराहे पर जुमे की नमाज के दौरान पुलिस बल तैनात रही।

# अतिक्रमण से परेशानी

**उतरौला** : नगर के मनकापुर मार्ग पर सड़क की पटरी पर अतिक्रमण होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। स ड़क की दोनों पटरी पर दुकानदार काबिज रहते हैं। दुकानों के सामने बाइक खड़ी होने से बड़े वाहन नहीं निकल पाते हैं। जाम लगने से घंटों परेशान होना पड़ता है। (संसू)

# जनता की राय में गैसड़ी ने मारी बाजी

**बलरामपुर।** पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में गैसड़ी कोतवाल ने बाजी मारी है। पहली रैंक के साथ गैसड़ी कोतवाल जिले के 13 कोतवाली व थानों में अव्वल रहे हैं। हर माह जनता की राय लेकर पुलिस की छवि का आकलन किया जा रहा है। शासन स्तर से मई माह की रैंकिंग जारी की गई है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को बताया कि कोतवाली व थानों में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण कराने में सराहनीय योगदान देने वाले प्रभारी निरीक्षकों को रैंक दिया जा रहा है।

बताया कि आईजीआरएस, ट्वीटर, डायरेक्ट व एफआईआर में सभी कोतवाली व थानों से जुड़े 3504 लोगों ने वोटिंग की है। गैसड़ी कोतवाल ओम प्रकाश सिंह चौहान को 79.90 फीसदी के साथ प्रथम रैंक मिली है। प्रभारी निरीक्षक सादुल्लाहनगर थाना राजकुमार सरोज ने 76.24 फीसदी अंकों के साथ दूसरी रैंक हासिल की है। नगर कोतवाल संजय कुमार दूबे को 75 फीसदी के साथ तीसरी रैंक मिली है। प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा थाना आलोक राव ने 68.33 फीसदी अंक के साथ चौथी रैंक प्राप्त की है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# भारतीय कंटेनर में सवा करोड़ के पोस्ते के दाने बरामद

**तस्करी**

- पुलिस ने कंटेनर तोड़कर बरामद किए 250 बोरों में पैक पोस्ते के दाने
- बरामद अफीम दाने का मूल्य एक करोड़ 25 लाख नेपाली मुद्रा में आंका गया

**रुपईडीहा, संवाददाता।** नेपाल के जमुनहा थाने की पुलिस ने एक भारतीय कंटेनर से 250 बोरे में पैक पोस्ता के दाने बरामद किया है। सरसरी तौर पर अनुमानतः बरामद अफीम दाने का मूल्य एक करोड़ 25 लाख नेपाली मुद्रा में आंका गया है। इसके साथ ही कंटेनर का मूल्यांकन भी किया जाएगा। अग्रिम कार्यवाही के लिए पूरा प्रकरण एसपी कार्यालय बांके के सुपुर्द कर दिया गया है।

शुक्रवार की सुबह रुपईडीहा आने के लिए जैसे ही भारतीय क्षेत्र से सटे नेपाली थाना जमुनहा पर कंटेनर रुका। सहकर्मियों के साथ जमुनहा थाने के इंचार्ज इंस्पेक्टर माधव रिजाल ने कंटेनर को घेर लिया। इस पर चालक मौके से फरार हो गया। अवैध माल नेपाल से भारत जाने की आशंका पर रिजाल ने बांके के एसपी श्याम कृष्ण अधिकारी को जानकारी दी। इस पर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में कंटेनर का ताला तोड़ा गया। लोग अंदर घुसे, कंटेनर में कुछ नहीं था। अंदर की ओर एक स्पेशल कैविटी बनी थी। उसमें भी बाहर से ताला बंद था। छीनी हथौड़े से ताला काटा गया व इसका दरवाजा खोला गया, तो इसमें 250 बोरों में पैक पोस्ता के दाने बरामद हुए।

**राजस्थान व पाकिस्तान में होती है अफीम की खेती : बहराइच।** पाकिस्तान से सटे राजस्थान व पाकिस्तान में भी अफीम की खेती होती है। हो सकता है कि इस तस्करी के तार पाक से भी जुड़े हों। नेपाल में भी चोरी छुपे अफीम की खेती होती है। कई बार इस इंडो-नेपाल बार्डर पर अफीम पकड़ी भी गई है।

## भारत के कंटेनर सामान लेकर नेपाल आते हैं

रुपईडीहा। नेपाली थाना जमुनहा के इंचार्ज इंस्पेक्टर माधव रिजाल ने बताया कि यह दाने किस काम आते हैं, इसकी जानकारी नहीं है। दाने लैब भेजे जाएंगे। उन्होंने आशंका जताई कि भारतीय क्षेत्र से भारत के कंटेनर थर्ड कंट्री गुड्स नैपाल लेकर आते हैं। भारत से आने वाले ऐसे माल को रुपईडीहा का कस्टम खोलकर नहीं देख सकता। नेपालगंज कस्टम कार्यालय पर यह माल खोला जाता है। सामान नेपाल में खाली कर वापस भारत लौटते हैं। सरसरी तौर पर इन्हें नेपालगंज कस्टम व हम लोग देखकर छोड़ देते हैं। यह तस्करी मेरे विचार से कई बार हुई है। अब निगरानी बढ़ाई जाएगी। सरसरी तौर पर अनुमानतः बरामद अफीम दाने का मूल्य एक करोड़ 25 लाख नेपाली मुद्रा में आंका गया है। इसके साथ ही कंटेनर का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

# अन्तर्जनपदीय मोबाइल चोर गैंग के तीन सदस्य बंदी

**खुलासा**

**बहराइच, संवाददाता।** दरगाह थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरों के अन्तर्जनपदीय गैंग के सरगना सहित तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी भी है। इनके पास से उड़ाये व चोरी किए गए 30 मोबाइल बरामद किए गए हैं।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि दरगाह एसएचओ मनोज कुमार सिंह को शुक्रवार को सूचना मिली कि शहर में सक्रिय मोबाइल चोर गैंग के गुर्गे चांदपुरा दरगाह मार्ग पर देखे गए हैं। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एसएसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देशन में एएसपी सिटी व सीओ सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के पर्यवेक्षण में एसएचओ ने वरिष्ठ दरोगा राजेश्वर सिंह, उपनिरीक्षक नितिन कुमार, अतुल कुमार वर्मा, सिपाही राम ललित, शुभम सिंह यादव, जितेंद्र कुमार ने चांदपुरा दरगाह मार्ग के रेलवे क्रासिंग के पास वाहन चेकिंग लगाई। तीन संदिग्ध को पकड़ा और तलाशी ली गई। इनके पास से चोरी के तीस मोबाइल बरामद किए गए।

गिरफ्तार तीनों आरोपी दरगाह थाने के छोटी तकिया बकरी मंडी के निकट निवासी जावेद खान, इकराम अहमद व तीसरा बाल अपचारी के रूप में हुई। जावेद व इकराम को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। जबकि बाल अपचारी को गोंडा जिले के बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## मास्टर माइंड है जावेद

बहराइच। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि गैंग सरगना जावेद खान है। यह बाराबंकी से कानपुर के बीच लगने वाले मेला व ट्रकों, बसों जहां भीड़ हो। वहां लोगों के मोबाइल पर हाथ साफ करते थे।

# किसानों ने विद्यालय में भर दिए मवेशी

- लावारिस मवेशियों से धान की नर्सरी बचाने को जूझ रहे किसान
- वीडियो बना रहे सफाईकर्मी से ग्रामीणों ने की मारपीट

बहराइच, संवाददाता। प्रदेश सरकार का गोआश्रय केन्द्रों को आवंटित धन भी लावारिस मवेशियों की समस्या से निजात नहीं दिला पा रहा है। गुरुवार रात आजिज किसान लावारिस मवेशियों को हांककर विद्यालय लाए। विद्यालय गेट का ताला तोड़कर उसमें मवेशियों को भरकर दूसरा ताला डाल दिया। शुक्रवार सुबह सफाई कर्मी वीडियो बनाने लगा, तो उसके साथ मारपीट की गई। सुबह प्रधान शिक्षक की सूचना पर सीओ नानपारा व मोतीपुर एसएचओ पुलिस बल के साथ पहुंचे और मवेशियों को बाहर निकलवाया।

बलहा/ शिवपुर संवाद के अनुसार बलहा ब्लाक का बेल्हन महेश पुरवा इलाका मोतीपुर थाने में आता है। शुक्रवार सुबह महेशपुरवा स्थित विद्यालय में शैक्षिक स्टाफ पहुंचा। तो गेट पर ताला लगा था। अंदर लावारिश मवेशियों का जमावड़ा था। छात्र छात्राओं का भी पहुंचना शुरू हो गया। विद्यालय में मवेशियों की जानकारी पर लोगों की भीड़ लग गई। सफाई कर्मी बच्छराज झाड़ू लगाने पहुंचा। गेट बंद देख बाहर से वीडियो बनाने लगा। जिस पर कुछ लोगों ने हाथापाई की। प्रधान शिक्षक व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बच्चा सिंह ने सीओ व एसएचओ को जानकारी दी। सीओ नानपारा डॉ. जग बहादुर यादव, एसएचओ मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। ताला खुलवा कर मवेशियों को बाहर निकाला गया।



मोतीपुर थाने के बेल्हन महेश पुरवा में शुक्रवार को विद्यालय से मवेशी निकालने के बाद किसानों से बात करती पुलिस।

> मवेशियों को विद्यालय में बंद कर दिया गया था। जानकारी मिलने पर वहां जाकर मवेशियों को बाहर निकाला गया है। इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है।
>
> **मुकेश कुमार सिंह**, एसएचओ, मोतीपुर

# चोरी के 30 मोबाइल फोन किए बरामद, तीन चोर गिरफ्तार



पुलिस लाइन सभागार में मोबाइल चोरी का खुलासा करते एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह (मध्य में) ● जागरण

**जासं, बहराइच :** दरगाह पुलिस ने चोरी की 30 बेशकीमती मोबाइल बरामद किया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक किशोर भी शामिल है। पकड़े गए आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय भेजा है।

दरगाह थाना क्षेत्र के छावनीबाजार निवासी बूचा को बाराबंकी पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। मोबाइल बरामदगी के सिलसिले में पुलिस उसे बहराइच लाई थी। दरगाह पुलिस के सहयोग से चोरी के मोबाइल जहां-जहां बेचे गए थे, पुलिस ने उन स्थानों को खंगाला और मोबाइल को खरीदने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

इनकी निशांदेही पर इन सभी के पास से 30 बेशकीमती मोबाइल भी बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में जावेद खान, इमरान अहमद व एकराम कुरैशी निवासी छोटी तकिया को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ कि बाराबंकी से चोरी कर लाए गए मोबाइलों को बहराइच में अलग-अलग लोगों को कम दामों में बेच दिया जाता था।

यहां इसकी आइएमआइ को बदलकर उसे बेचने की तैयारी की गई थी, लेकिन उससे पहले ही सभी आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गए। शुक्रवार को एएसपी शहर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में इसका खुलासा किया। इस मौके पर सीओ नगर विनय कुमार द्विवेदी व थानाध्यक्ष मनोज कुमार भी मौजूद रहे। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह, नितिन उपाध्याय, अतुल कुमार वर्मा, आरक्षी रामललित, शुभम सिंह यादव व जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

# सिंगल यूज पालीथिन के लिए छापेमारी अभियान

## अधिशासी अधिकारी व डीपीएम की अगुवाई में टीम गठित, घर-घर करेंगे जागरूक

**जासं, बहराइच :** सिंगल यूज पालीथिन प्रतिबंधित किए जाने के बाद अब जागरूकता के साथ प्रशासन छापेमारी अभियान चलाने जा रहा है। शापिंग माल से लेकर पटरी दुकानों तक चेकिंग की जाएगी। इसके लिए टीम का गठन किया गया है।



नितिन बंसल● जागरण।

पर्यावरण मंत्रालय और शासन के निर्देश पर सिंगल यूज पालीथीन पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक जुलाई से लगने वाली रोक को देखते हुए पहले से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अब प्रशासन की ओर से दो नगरपालिका और चार नगर पंचायतों में छापेमारी की रणनीति तय की गई है। अधिशाषी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौतम मिश्र व जिला समन्वयक लोकेश के साथ राजस्व निरीक्षक व सफाई निरीक्षक की टीम बनाई गई है। यह शापिंग माल, बस स्टेशन, मुख्य बाजार, वेंडिंग जोन में छापेमारी करेगी। शनिवार से अभियान तेज हो जाएगा। किसी जगह पर डंप होने की सूचना पर औचक दबिश भी दी जाएगी।

**ग्राहक की जागरूकता से थमेगा प्रयोग:** शहर के गारमेंट व्यवसाई आमिर इकबाल व दवा कारोबारी नितिन बंसल ने कहा कि पालीथीन से पर्यावरण की सुरक्षा को खतरा होता था। दवा और कपड़ा के कारोबार में इसकी उपयोगिता अधिक नहीं रहती है।



किसान महाविद्यालय सभागार में पालीथिन मुक्त समाज के तहत कपड़े का थैला लांच करते नगर पालिका अधिकारी, शिक्षक व समाजसेवी ● जागरण

इसके बाद भी जागरूकता से ही यह पूरी तरह से समाप्त हो सकेगा। जरवल के व्यवसाई मुकेश गुप्त व मनीष कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में अभी इसमें समय लगेगा, लेकिन यह सरकार का बेहतर कदम है।

**प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की महाशपथ** पालीथिन मुक्त भारत बनाने के लिए किसान पीजी कालेज में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। छात्रों व अन्य लोगों को पालीथिन का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई।

# बाघिन को जल्द भेजा जाएगा चिड़ियाघर

**संसू, बिछिया (बहराइच)** : नार्थ खीरी के खैरटिया गांव में चार व कतर्नियाघाट के भरथापुर में एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार चुकी खूंखार बाघिन व वयस्क बाघ को प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन की देखरेख में नावघाट पर रखा गया है।

दोनों वन्यजीवों के भोजन की व्यवस्था की गई है। टुल्लू पंप से नहलाया भी जा रहा है। बधावन ने बताया कि पांच डाक्टरों के पैनल ने बाघिन व बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण किया है। डाक्टरों ने बाघिन को जंगल में छोड़ने योग्य न होने की बात कही है। बाघ पूरी स्वस्थ है। ऐसा प्रतीत होता है कि दो वर्ष पूर्व शिकार के दौरान बाघिन के बायीं ओर के ऊपर व नीचे के दांत टूट गए थे, जिससे वह सही ढंग से शिकार नहीं कर पा रही थी। इंसानों का शिकार करने में उसे दिक्कत नहीं होती थी। इसे चिड़ियाघर भेजा जाएगा।


**तस्करी कर ले जाये गए 80 मुर्गे बरामदः रुपईडीहा (बहराइच):** भारतीय सीमा से सटे बांके जिले के बालेगांव में नेपालगंज पुलिसकर्मियों ने 80 मुर्गे बरामद किए हैं। नेपालगंज पुलिस कार्यालय के प्रमुख रिपेंद्र सिंह ने बताया कि नेपालगंज की पूर्व दिशा में भारतीय सीमा से सटा बालेगांव है।

# 1.25 करोड़ का अफीम दाना पकड़ा गया

**संसू, रुपईडीहा (बहराइच) :** नेपाल से राजस्थान तस्करी कर ले जाया जा रहा 250 बोरा अफीम का दाना नेपाली पुलिस ने बरामद किया है। इसकी कीमत लगभग एक करोड़ 25 लाख रुपये बताई जा रही है। चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस ने बरामद सामान व कंटेनर को जब्त कर लिया है। जमुनहा थाने के इंचार्ज माधव रिजाल ने बताया कि शुक्रवार को राजस्थान नंबर लिखा कंटेनर नेपाल से भारत जा रहा था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान चालक के हाव-भाव देखकर कंटेनर में संदिग्ध सामान जाने की आशंका होने पर चालक को वाहन सड़क किनारे लगाने के लिए कहा गया। इस दौरान चालक वाहन छोड़कर भाग गया। निरीक्षक ने घटना की जानकारी बांके जिले के पुलिस अधीक्षक श्यामकृष्ण अधिकारी को दी।

पुलिस ने कंटेनर में लगे ताले को तोड़कर तलाशी ली तो अंदर एक स्थान पर केबिन के ताले को तोड़ने पर 250 बोरा अफीम का दाना बरामद हुआ। नेपाल के एसपी ने बताया कि सीमा पर और सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं।




नेपाल की जमुनहा चौकी पर खड़ा बरामद ट्रक ● नेपाल पुलिस

**गुरदीप सिंह के नाम है ट्रकः**

अफीम दाना की खेप लेकर जा रहे जिस ट्रक को नेपाल पुलिस ने पकड़ा है उस पर राजस्थान के चित्तौड़गढ़ का नंबर अंकित है।

ट्रक गुरदीप सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस की मानें तो बरामद सामान को राजस्थान राज्य में खपाने के लिए ले जाया जा रहा है। महानगरों में खपाई जाती है नशे की खेप एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि भारतीय सीमा पर पहले पकड़े गए तस्करों से पूछताछ में इस बात का खुलासा हो चुका है कि नेपाल से भारत आने वाली नशे की खेप को दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा समेत कई राज्यों में खपाया जाता है।

**ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटवाने की मांग मुर्तिहाः** ग्रामपंचायत गूढ़ में ग्राम समाज की जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान व अन्य निर्माण कार्य करा लिए हैं। गूढ़ निवासी विनय कुमार ने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि एक एकड़ पर कब्जा है।

# तीन फायर स्टेशनों की सौगात

## सीएम ने वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण आठ करोड़ की लागत

विशेश्वरगंज/कैसरगंज/महसी (बहराइच) : पयागपुर में शेखापुर, मुख्यालय कैसरगंज व महसी के मासाडीह में लगभग आठ-आठ करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित फायर स्टेशनों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इनकी स्थापना से अग्निकांड की घटनाओं में राहत व बचाव कार्य आसानी से हो सकेंगे।

प्रदेश के 25 जिलों में बनने वाले 57 फायर स्टेशनों का शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इसका सजीव प्रसारण किया गया। महसी में सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने विधायक सुरेश्वर सिंह, एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, एसडीएम रामदास के साथ शिलापट्ट का अनावरण कर जनता को समर्पित किया। विशेश्वरगंज के शेखापुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी



नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र का उद्घाटन करते विधायक सुभाष त्रिपाठी ● जागरण

ने कहा कि अग्निशमन केंद्र की स्थापना हो जाने से क्षेत्र के हजारों किसानों को आगजनी की घटनाओं से राहत मिलेगी।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने कहा कि क्षेत्र में आगजनी से निपटने के लिए अग्निशमन केंद्र की स्थापना की गई है। इस मौके पर एसपी केशव चौधरी, सीएफओ राम सुमेर त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी मौजूद रहे।

कैसरगंज में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख जरवल विपेंद्र कुमार वर्मा ने एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसडीएम महेश कुमार कैथल, सीओ कमलेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

# समय से करें व्यापारियों की समस्याओं का निपटारा



बहराइच के कलेक्ट्रेट में उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों व निर्यातकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने की।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों व निर्यातकों से संबंधित जो भी समस्याएं आएं उनका निस्तारण समय से किया जाए। डीएम ने संबंधित विभागों व बैंकों को पीएमईजीपी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और ओडीओपी वित्त पोषण योजना की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने सचेत किया कि सुधार न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

निवेश मित्र वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों व उनके निस्तारण का विवरण प्रस्तुत करते हुए उपायुक्त (उद्योग) ने बताया कि अब तक 926 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें से 871 स्वीकृत हो चुके हैं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल लंबित आवेदनों का निस्तारण कराया जाए। इस मौके पर एसडीएम सुभाष सिंह धामी, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा, अशोक मातनहेलिया आदि मौजूद रहे।

# ट्रक के लॉकर से 250 बोरा पोस्ता दाना बरामद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुपईडीहा (बहराइच)।** शुक्रवार की सुबह भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे राजस्थान के एक ट्रक को संदेह होने पर नेपाल पुलिस के जवानों ने रोक लिया। ट्रक की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। संदेह बढ़ने पर जवानों ने फिर से जांच की तो ट्रक के अंदर एक गुप्त लॉकर दिखा। लॉकर तोड़कर देखा तो अंदर करीब 250 बोरा पोस्ता दाना बरामद हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत एक करोड़, 25 लाख रुपये बताई जा रही है। जांच के दौरान वाहन चालक भारतीय क्षेत्र की ओर फरार हो गया। नेपाली अधिकारियों ने बताया कि ट्रक (आरजे 09 जीबी 4542) के गुप्त लॉकर से 250 बोरे बरामद हुए। सभी बोरों पर व्हाइट पपी सीड व प्रोडक्ट ऑफ टर्की लिखा था। बरामद बोरों का वजन 25-25 किलोग्राम है।

जांच के दौरान सभी बोरों से पोस्ता दाना बरामद किया गया। एपीएफ निरीक्षक जीवनलाल बूढ़ा ने बताया कि यह ट्रक भारतीय क्षेत्र से क्या माल लेकर नेपाल में कहां गया था, इसकी भी जांच की जाएगी। डीएसपी, बांके मधुसूदन नेउपाने ने बताया कि भारतीय ट्रक से तस्करी कर पोस्ता दाना ले जाया जा रहा था। इसकी बरामदगी अहम उपलब्धि है। आगे भी तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी चौकसी बरती जाएगी।

## नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहा था राजस्थान का वाहन






ट्रक में इसी जगह बनाया गया था लॉकर (ऊपर)। बरामद पोस्ता दाना (नीचे)। -संवाद

# गैंगरेप का आरोपी बीजेपी नेता गिरफ्तार

**बहराइच।** पयागपुर थाना पुलिस ने डेढ़ महीने से वांछित चल रहे गैंगरेप के आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी ग्राम प्रधान को हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है। इस वजह से गिरफ्तारी नहीं की गई है।

शिवदहा के चरदहा निवासी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कामता प्रसाद मौर्या व शिवदहा के ग्राम प्रधान पचरन नाथ मौर्या के खिलाफ गैंगरेप का आरोप था। शुक्रवार सुबह पुलिस ने कामता प्रसाद मौर्या को गिरफ्तार कर लिया। मामले के दूसरे आरोपी पचरन नाथ मौर्या को हाईकोर्ट से स्टे मिलने के कारण गिरफ्तार नहीं किया गया है। एसएचओ, पयागपुर राजकुमार पांडेय ने बताया कि दोनों आरोपियों पर 376 डी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। उधर, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ता पर आरोप निराधार है। संगठन के

# ट्रकों से मोबाइल उड़ाने वाले गैंग का भंडाफोड़

## तीन गिरफ्तार, 30 मोबाइल बरामद, ट्रक ड्राइवर के सोने पर अंजाम देते थे वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** हाईवे के किनारे खड़े ट्रकों से मोबाइल चुराने वाले गैंग का दरगाह पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक किशोर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 30 मोबाइल बरामद हुए हैं। तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी ट्रक ड्राइवर के सोने पर वारदात को अंजाम देते थे।

दरगाह थानाध्यक्ष मनोज सिंह मुखबिर को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर में एक गैंग हाईवे के किनारे खड़े ट्रकों से मोबाइल चोरी कर बेचने का काम कर रहा है। इसके बाद वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। बृहस्पतिवार रात गुल्लावीर रेलवे क्रॉसिंग के पास तीन लोग बाइक से आते दिखे। टीम ने इन्हें रोका तो सब भागने लगे। इस पर घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान 30 मोबाइल बरामद हुए। एएसपी, नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पकड़े गये लोगों की पहचान छोटी तकिया, छावनी बाजार निवासी जावेद खान, इमरान अहमद व एक किशोर के रूप में हुई है। तीनों हाईवे के किनारे खड़े ट्रकों को निशाना बनाते थे। जब ड्राइवर सो रहा होता था तो उसका मोबाइल चुरा लेते थे। ड्राइवर या खलासी जग जाता और पूछता तो कह देते थे, हम होटल वाले हैं। पूछने आए हैं कि खाना खाएंगे या नहीं।



ट्रकों से मोबाइल चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते एएसपी। संवाद

> “ पकड़े गए आरोपी बाराबंकी होते हुए कानपुर जिले तक घटनाओं को अंजाम देते थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर निकलते थे। किशोर को ही ट्रक में भेजते थे। - **कुंवर ज्ञानंजय सिंह,** एएसपी, नगर

# बालश्रम रोकने को व्यावसायिक मुहिम



पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सामान वितरण करते एसएसपी।

**बहराइच, संवाददाता।** प्रथम संस्था ने बालश्रम रोकने के पांच ब्लॉकों के लोगों को रोजगार शुरू करने को हाथ ठेला, लकड़ी की गुमटी, सब्जी, किराना व कास्मेटिक सामग्री उपलब्ध कराने की मुहिम की शुरुआत की है। शहर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को 50 लोगों को मदद प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी केशव कुमार चौधरी रहे। उन्होंने इस मुहिम की सराहना की। प्रथम संस्था के अश्विनी सिंह ने बताया कि बालश्रम से मुक्त कराए बच्चों के परिवारों की आर्थिक स्थिति सही नहीं पाई गई। जिसके चलते बालकों को बालश्रम से गुजरना पड़ा। ऐसे परिवारों को नकद धनराशि न देकर हाथ ठेला व सब्जी, लकड़ी की गुमटी, इसके साथ किराना या कास्मेटिक सामग्री मुहैय्या कराई गई है। ताकि वह रोजगार की शुरुआत कर सकें।

**एसएसपी ने किया कार्यक्रम का शुभारम्भ :** बहराइच। 50 प्रवासियों, विधवा, दिव्यांग, भूमिहीन गरीब परिवारों को व्यवसाय में सहायता स्वरूप सामग्री गुमटी, ठेला, ठेलिया साथ में परचून, कास्मेटिक व सब्जी आदि का वितरण किया गया है। जबकि 2021 व 2022 में ऐसे 650 परिवारों को पूर्व में सामग्री उपलब्ध कराई गई है। एसएसपी ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। संचालन राज्य समन्वयक अमर सिंह ने किया। व्यवसायिक सहायता देने को बुलाए गए अभिभावकों का स्वागत किया व सभी को अपने बच्चों की शिक्षा में पूरा योगदान देने का आवाहन किया। इस दौरान यूपी समन्वयक अमांडा हिली, शिवनाथ मिश्रा, राकेश चौबे, पवन कुमार, गोपी चंद, रेखा देवी रहे।

**बच्चों की शिक्षा का आह्वान :** एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने सभी सहायता प्राप्त लोगों को इसे बढाने व इससे होने वाली आमदनी से अपने सभी बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया।

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-07-2022

# दुष्कर्म से संबंधित आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती।अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी के नेतृत्व में शुक्रवार को गिलौला थानाध्यक्ष विसुनदेव पांडेय टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने दुष्कर्म से संबंधित आरोपी आरिफ खान पुत्र मीराजुद्दीन निवासी मोहल्ला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया।

# अपराध व अपराधियों पर लगाए अंकुश

श्रावस्ती। अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने शुक्रवार को कोतवाली भिनगा का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी ने सबसे पहले विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाय।

# पुलिस अधीक्षक ने किया परेड का निरीक्षण

श्रावस्ती। पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड ग्राउंड में परेड का आयोजन किया गया। इसमें एसपी ने सर्व प्रथम परेड की सलामी ली और बारीकी से परेड का निरीक्षण भी किया। इसके अलावा फिट रहने के लिए पुलिस जवानों से दौड़ लगवाई गई। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित जवानों को परेड की बारीकियों के बारे में जानकारी दी।

# महिला आरक्षियों ने दंगा नियंत्रण शस्त्र की सीखी बारीकी

**जासं, श्रावस्ती :** शुक्रवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। महिला आरक्षियों को दंगा नियंत्रण शस्त्रों को खोलने, जोड़ने व प्रयोग करने की बारीकियां बताई गईं।



पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण शस्त्र चलाने का अभ्यास करतीं महिला आरक्षी ● जागरण

एसपी ने यूपी- 112 के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निरीक्षण किया। कमियों को दूर करने के लिए प्रभारी को निर्देश दिए। तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की जांच भी की। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान बावर्दी दुरुस्त रहकर कर्तव्य निष्ठा के साथ ड्यूटी करें। जनता से मधुर व्यवहार रखने के निर्देश दिए। वाहनों में सदैव दंगा नियंत्रण उपकरण रखने, यूपी- 112 वाहनों में टैबलेट व अन्य उपकरण के बेहतर रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर का निरीक्षण किया।

# रैतिक परेड का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन, भिनगा में शुक्रवार को एसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। इसके बाद उन्होंने पीआरवी वाहनों सहित पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दुरुस्त करने के लिए आरआई को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्या शुक्रवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा पहुंचे। परेड ग्राउंड पहुंच कर उन्होंने रैतिक परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के पश्चात एसपी ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। साथ ही परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। परेड के दौरान दंगा नियंत्रण शस्त्रों को खोलना, जोड़ने व प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। भोजनालय में पहुंच कर भोजन की गुणवत्ता जांची। साथ ही डीसीआर, बैरिक, शौचालय आदि का निरीक्षण भी किया। कमियों को दुरुस्त करने तथा सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। संवाद

# महिलाओं को किया जागरूक

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस मिशन शक्ति अभियान के तहत अभियान चला रही है। इसी के तहत शुक्रवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी व शक्ति मोबाइल में शामिल महिला आरक्षी संज्ञा भारती, सोनी देवी व अर्जिता यादव ने मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगईपुरवा, शिकारीचौड़ा व भुरकुलवा में जाकर महिलाओं व किशोरियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस आपातकालीन नंबर, वीमेन पावर लाइन 1090 व महिला हेल्प लाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। संवाद

# एएसपी ने भिनगा कोतवाली का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली का शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समय से विवेचनाओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने कार्यालय रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का भी निरीक्षण किया। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गिलौला (श्रावस्ती)।** गिलौला पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित बहराइच के थाना कोतवाली नगर अंतर्गत मोहल्ला बड़ी हाट निवासी आरिफ खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। संवाद

# शांति भंग के आरोप में 13 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने गुरुवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान शांतिभंग के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

# 107 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 107 वाहनों का चालान किया। इस मौके पर 153000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया।